


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 14 मार्च 2023 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष -7 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-342 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in


Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नहीं रहे करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह

**जयपुर,14 मार्च।** करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी का सोमवार देर रात 2 बजे कार्डिएक अरेस्ट से राजस्थान के जयपुर में निधन हो गया। वे 80 साल के थे और लंबे समय से बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका ब्रेन स्ट्रोक का इलाज चल रहा था। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए राजपूत सभा भवन जयपुर में रखा जाएगा। लोकेंद्र सिंह कालवी ने करणी सेना के कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया था और कई विवादों में भी रहे थे। राजस्थान के नागौर जिले के कालवी गांव में जन्में लोकेंद्र आखिरी बार सुर्खियों में तब आए थे जब फिल्म पद्मावत को लेकर पूरे देश में बवाल हुआ था. हालांकि, इससे पहले वो जोधा-अकबर फिल्म के खिलाफ भी मुखर होकर अभियान चला चुके थे.



### ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को रौंदा, मौत

**रायगढ़,14 मार्च।** जिले में एक सड़क हादसे में छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई. बताया जा रहा है कि छात्रा स्कूटी पर सवार होकर 12वीं की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र जा रही थी. इसी दौरान शहर के उर्दना चौक के पास ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, उर्दना चौक के पास ट्रक ने स्कूटी को रौंद दिया. इस हादसे में स्कूटी सवार छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई. घटनास्थल पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई है और जांच में जुटी हुई है. छात्रा 12वीं की परीक्षा देने जा रही थी तभी यह हादसा हो गई. मृतिका का नाम कान्ता बताया जा रहा है.

### जर्जर दीवार धराशायी कई वाहन क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर,14 मार्च।** शहर के मसानगंज इलाके में बड़ा हादसा होते होते टल गया जिसमे मुख्य मार्ग पर स्थित दो दुकान अचानक धराशाई हो गए, इस दौरान दुकान के नीचे खड़ी तीन मोटरसाइकिल मलबे में दब गई। अचानक हुए इस हादसे में यहां मौजूद कुछ लोग मलबा गिरने से बाल बाल बच गए। बता दें मसानगंज भीड़ भाड़ वाला इलाका है शहर में गोल बाजार सदर बाजार को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग शाम के समय लोगों के आवागमन का मुख्य रास्ता होता है ऐसे में वहां स्थित दो दुकान जमीदोज हो गए, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दुकान के पीछे निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में सेंट्रिंग निकालने का काम चल रहा था इस दौरान काम करने वालों ने पूरा सामान दुकान के ऊपर रख दिया था वही अधिक भार होने की वजह से जर्जर हो चुकी दुकान देर शाम अचानक गिर गई।

### नक्सलियों ने लगाए बैनर-पोस्टर

**कांकेर,14 मार्च।** कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक के अमाबेड़ा थाना क्षेत्र के खासगांव और बोडागांव के बीच नक्सलियों ने बैनर पोस्टर लगाया तथा बैनर के पास एक 3 किलोग्राम बजनी प्रेशर कुकर आईईडी में लगभग 4/5 मीटर तार भी लगा हुआ मिला हैं,नक्सलियों ने पोस्टर में बीते 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस था जिसको लेकर अभी महिला दिवस गांव गांव में जोर शोर से मानने के अपील भी किया हैं,उक्त बैनर पोस्टर को कुवेमारी एरिया कमेटी ने जारी किया है।

# भाजपा नेताओं को लक्ष्य कर जिलाबदर की कार्रवाई

## नेता प्रतिपक्ष ने लगाया आरोप, जमकर हंगामा, कार्यवाही तीन बार स्थगित

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,14 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के सातवे दिन आज बजट सत्र में आज शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर जोरदार हंगामा हुआ। प्रतिपक्ष ने सरकार पर विपक्ष को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपातकाल की स्थिति है। विपक्ष के लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने के लिए दमन किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को टारगेट कर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। यह घबराई हुई सरकार की मानसिकता है। पहले भी ऐसा हुआ था। विपक्ष को कुचलने का परिणाम याद रखा जाए। विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव ग्राह्य करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिलाबदर की कार्यवाही का मामला उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आपातकाल



की स्थिति है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लादे जा रहे हैं। गैर जमानती धाराएं लगाई जा रही हैं। जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है।लोकतंत्र में अपनी बात कहने का अधिकार सबको है। भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से होने वाले आंदोलन पर जिला बदर की कार्यवाही होना गलत है। भाजपा कार्यकर्ताओं पर चक्काजाम, घेराव, भगवा ध्वज के अपमान पर जुलूस निकालने के मामले हैं। सौ लोगों पर मामला लादा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट कर जिला बदर किया जा रहा है। भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा को कुचलने की मानसिकता को कुचलकर रख देंगे। भाजपा का कार्यकर्ता कमजोर नहीं है। यह मानसिकता लोकतांत्रिक नहीं है। हमारे 15 साल में एक भी राजनीतिक कार्यकर्ता पर जिला बदर की कार्रवाई नहीं हुई। इस पर कांग्रेस सदस्य बृहस्पत सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार के समय जन आंदोलन करने पर 15 दिन जेल में रखा गया था। मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि जिला बदर की कार्यवाही उचित है। कई मामले हैं। कड़ी कार्रवाई होगी। इस पर भारी हंगामा हुआ। पक्ष विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। जमकर नारेबाजी हुई और सदन की कार्रवाई तीन बार स्थगित हुई।

# वेतन विसंगति पर स्कूल शिक्षा मंत्री घिरे

**रायपुर,14 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति के मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम विपक्ष के सवालों में घिर गए. मंत्री न तो वेतन विसंगति का मतलब बता पाए, और न ही इस मुद्दे पर गठित समिति किन-किन बिंदुओं पर जांच करेगी, उसका भी जवाब नहीं दे पाए.बीजेपी के विधायक शिवरतन शर्मा ने सदन में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति का मामला उठाया. उन्होंने सवाल किया कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति के लिए तीन सालों में क्या कार्यवाही की गई. वेतन विसंगति दूर करने के लिए कब-कब कौन-कौन सी समिति का गठन किया गया.मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है समिति की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. इस पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि तीन महीने का समय दिया गया था, 18 महीने हो गये अब तक समिति की रिपोर्ट नहीं आई. रिपोर्ट नहीं आयी तो कब वेतन विसंगति दूर होगी. शिवरतन शर्मा ने इस पर वेतन विसंगति का मतलब पूछा, जिसका मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम जवाब नहीं दे पाये. इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने पूछा कि किन बिन्दुओं पर परीक्षण होगा, जांच के क्या बिंदु निर्धारित किये गये हैं मंत्री टेकाम इसका भी ठीक से जवाब नहीं दे पाए.शिवरतन शर्मा ने इस पर कहा कि बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मंत्री मेरे प्रश्न को ही नहीं समझ पाये. उन्होंने कहा कि पदोन्नति और क्रमोन्नति एक सतत् प्रक्रिया है. वेतन विसंगति को लेकर समिति में चर्चा होगी, तब बिंदु तय होगी, और सभी विषय आएंगे. आसंदी ने इसी पर अलग से आधे घंटे की चर्चा कराने की बात कही.नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पहले से ही कहा गया है कि मंत्री तैयारी से आए, और तैयारी से नहीं आने की वजह से सदन का समय जाया होता है. संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि मंत्री सही से जवाब दे रहे हैं. जब तक मंत्री उत्तर नहीं देते तब तक आप प्रश्न पूछ रहे हैं.

### बीईओ निलंबित

रायपुर,14 मार्च। स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई कर प्रभारी बीईओ को निलंबित कर दिया है. सारंगढ़ प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पर पदमुद्रा का दुरुपयोग करने के मामले में गाज गिरी है. स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए बीईओ रामलाल कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

# प्रमोद शर्मा ने सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**रायपुर, 14 मार्च ।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में सोमवार को बलौदा बाजार से विधायक प्रमोद शर्मा ने सरकार पर जमकर प्रहार किया । सदन में प्रमोद शर्मा ने बताया कि, उन्होंने पिस्टल लायसेंस के लिए आवेदन दिया लेकिन उनसे भी पाँच लाख की डिमांड हो गई । बुरी तरह बिफरे विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा कि, चुड़ैल भी सात घर छोड़ती है लेकिन दुर्भाग्य है कि यहाँ वह भी नहीं है। जबकि विधायक प्रमोद शर्मा ने यह बात सदन में कही, उसके ठीक बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार अगले दिन के लिए स्थगित हो गई। सदन में बजट के आय व्यय पर चर्चा के दौरान विधायक प्रमोद शर्मा बोलने खड़े हुए। छजकां से विधायक प्रमोद शर्मा ने भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा, और बेहद तीखे हमले किए। शराब को लेकर वाली गड़बड़ी का इशारा करते हुए प्रमोद शर्मा ने कहा- जब ईडी की रेड पड़ी बलौदा बाजार शराब की बिक्री प्रति दिन एक करोड़ हो गई, पहले 50 से 55 लाख रुपए थी। ना होली है ना दीवाली है तो शराब बिक्री कैसे बढ़ गई। ईडी का तो स्वागत करना चाहिए कि राजस्व बढ़ गया है।

सरकार कहाँ गई यहाँ सरकार नहीं चल रही है दुकान चल रही है। छत्तीसगढ़ में एक दुकान है जहां पर प्रमोशन के नाम पर पदोन्नति के नाम पर ट्रांसफ़र के नाम पर धंधा हो रहा है और इसकी पूरी फीस भी निर्धारित है। ट्रांसफ़र कराने का रेट है। छत्तीसगढ़ मॉडल, यह हिंदुस्तान के लिए सही में मॉडल है, लेकिन यह भ्रष्टाचार के मामले में मॉडल है। माननीय मुख्यमंत्री जी का ऊर्जा विभाग है। कोई टेंडर हो, स्र्छ के द्वारा 5 प्रतिशत के बग़ैर ऑर्डर नहीं दिया जा रहा है। 13 मार्च की कार्यवाही में सदन के सबसे आखिरी वक्ता प्रमोद शर्मा ने अपनी बात की समाप्ति सीएम भूपेश बघेल को देखते हुए इन शब्दों के साथ की। कहा- पिछले सदन में मैं चिल्ला-चिल्लाकर बोला मुझे पिस्टल का लाइसेंस दिया जाए, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चुड़ैल भी सात घर छोड़ती है, लेकिन वहां से विधायक जैसे के लिए भी 5 लाख की डिमांड हुई। 5 लाख रुपया नहीं दिया, तो मुझे पिस्टल का लाइसेंस नहीं मिला। यहां सरकार कहां चल रही है, यहां दुकान चल रही है और यह दुकान क्या है, यह भ्रष्टाचार की दुकान है। इसमें आप सब पूरे के पूरे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

### बुजुर्ग को कार ने 2 किलोमीटर घसीटा, मौत

**बिलासपुर,14 मार्च।** बीती रात लालखदान संतनगर में प्रजापति परिवार में बेटी की शादी का आयोजन चल रहा था, जिसमें शामिल होने आरंग से पहुँचे रिश्तेदार मगनलाल प्रजापति पिता बिसन लाल प्रजापति उम्र 60 वर्ष भी यहाँ शामिल हुए थे, रात लगभग 11 बजे के करीब जब वह खाना खाकर सोने जा रहे थे, तभी सड़क पार करते वक्त अज्ञात कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

# नियमितीकरण में घपला, सहायक आयुक्त निलंबित

**रायपुर,14 मार्च** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

अपात्र कर्मचारियों को पात्र करने वाले सहायक आयुक्त पर गाज गिरी है. विधानसभा में नियमितीकरण घपलेबाजी का मुद्दा उठा, जिसमें सहायक आयुक्त को निलंबित कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि विधानसभा में मुद्दा उठने से पहले ही सहायक आयुक्त बद्रीनाथ सुखदेवे को भनक लग गई थी. अब वह अस्पताल में भर्ती हैं. विधानसभा में राजिम विधायक अमितेष शुक्ल ने मुद्दे को उठाया, जिसके बाद कार्रवाई की गई है. आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सहायक आयुक्त को निलंबित करने की घोषणा की.दरअसल, राजिम क्षेत्र के आदिवासी बालक आश्रम शालाओ में नियमितीकरण के नाम पर बड़ा खेल खेला गया था. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनघोषणा पत्र को ध्यान में रखते हुए अनियमित कर्मचारियों को नियमानुसार नियमित करने का फरमान जारी किया था. इसके बाद दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाना था, लेकिन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने सेवा नियमों के प्रावधान को दरकिनार कर अपात्र लोगों को नियमित कर दिया था.कांग्रेस विधायक अमितेश शुक्ल ने विधानसभा में गरियाबंद जिले में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रमों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के अपात्र दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने का मामला उठाया. अमितेश शुक्ल ने कहा कि मंत्री की ओर से जानकारी आई है कि नियमित नहीं किया गया है, जबकि मेरे पास आदेश है. पैसे लेकर नियमित किया गया है. 4 साल से अधिक समय से गायब एक कर्मचारी को भी नियमित किया गया है. इसके बाद सहायक आयुक्त को निलंबित करने और मामले की जांच की मंत्री प्रेम साय सिंह टेकाम ने घोषणा की.





# सिंचाई ग्राम बनेंगे राजस्व ग्राम

## मंत्री जयसिंह ने की घोषणा

**रायपुर,14 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन विधायक धर्मजीत सिंह ने मुंगेली जिला स्थित ग्राम खुड़िया के राजस्व ग्राम के प्रस्ताव चार साल से लंबित होने का मुद्दा उठाया. भू-राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जवाब में अगस्त से सितंबर तक राजस्व ग्राम बनाए जाने की घोषणा की. विधायक धर्मजीत सिंह ने मंत्री अग्रवाल से सवाल किया कि क्या ग्राम खुड़िया, तहसील लोरमी जिला मुंगेली वर्तमान में सिंचाई ग्राम है क्या कंडिका को सिंचाई ग्राम से राजस्व ग्राम का दर्जा देने हेतु प्रस्ताव लंबित है यदि है तो कब तक राजस्व ग्राम का दर्जा दिया जाएगा. धर्मजीत सिंह ने कहा कि आखिरकार इस पूरे एरिए को कौन सा दर्जा प्राप्त है समझ नही आ रहा जयसिंह अग्रवाल ने जवाब में बताया कि धर्मजीत सिंह ने जो जिक्र किया वह सही है.. रिकॉर्ड में सिंचाई ग्राम का दर्जा नहीं दिया गया है, लेकिन उसे राजस्व ग्राम घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है.धर्मजीत सिंह ने कहा कि रिकार्ड में जानकारी गलत दी गई है. जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि राजस्व ग्राम बनाने के लिए तकनीकी सहयोग पाने लगातार कार्य किया जा रहा है. इस पर विधायक ने सवाल किया कि आखिरकार एक ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने में 4 साल क्यों लग गए. राजस्व ग्राम ना होने की वजह से वहां के लोगो को अपने कार्यों के लिए लगातार परेशानी हो रही है.





# दो बाइकों में टक्कर, छात्र की मौत



**दुर्ग,14 मार्च** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत बोरसी से रिसाली रोड में दो बाइक आपस में टकरा गईं। इसमें एक युवक की मौत हो गई है। वहीं दूसरी बाइक में सवार पति पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना सड़क किनारे लगी द मार्क की होर्डिंग के चलते हुई है। होर्डिंग की वजह से बाइक चालकों को सामने आ रही बाइक दिखाई नहीं दी और तेज रफ्तार होने से दोनों आपस में टकरा गए। पद्मनाभपुर थाना प्रभारी राजीव तिवारी ने बताया कि मृतक की पहचान योगेश ठाकुर पिता रोहित ठाकुर (22 साल) के रूप में हुई है। वो शकुंतला नगर धनोरा का रहने वाला था और हुडको में आईटीआई कर रहा था। वो बीती रात 10 बजे के करीब बाइक CG 04 MW 8205 से धनोरा जा रहा था। अचानक मोड के पास द मार्क की बड़ी होर्डिंग लगी है। इससे योगेश सामने आ रही बाइक CG 07 BV 6024 को देख नहीं पाया। इससे दोनों बाइक स्पीड में एक दूसरे टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। योगेश के सिर में गहरी चोट आने से उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक में सवार पति पत्नी महेश्वरी बघेल व लक्ष्मी को भी गहरी चोट आई। 112 की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचा गया, जहां डॉक्टर ने योगेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों पति पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल महेश्वरी और लक्ष्मी पंचदेवरी कुम्हारी के रहने वाले हैं। वो लोग दुर्ग जिला अस्पताल अपने परिचित का नवजात बच्चा देखने के लिए गए थे। वहां से वो लोग उमरपोटी अपने ससुराल जा रहे थे। तभी रास्ते में दोनों सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पद्मनाभपुर थाना प्रभारी राजीव तिवारी ने कहा कि जो होर्डिंग लगी है वो गलत लगी हुई है। होर्डिंग की वजह से दुर्घटना स्थल पर ब्लाइंड स्पॉट बन गया है। इसे हटाने के लिए उन्होंने दुर्ग नगर निगम को पत्र लिखा है।

# दबंग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई,14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** लाइसेंसी व अवैध हथियार के साथ फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया में डालने वालों पर दुर्ग पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने ऐसे ही एक दबंग को भी गिरफ्तार किया और उससे उसकी गलती की माफी मांगते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें सोशल मीडिया में एक वीडियो मिला था। उस वीडियो में मथुरा नाम का आदतन अपराधी छावनी के चंदन सिंह राजपूत के भाई की शादी में दो नाली बंदूक से फायर करता हुआ दिख रहा है। इसके बाद वो अपने एक साथ के साथ कार में दबंगई दिखाते हुए जा रहा है। इतना ही नहीं उसने वीडियो में बकायदा गैंगेस्टर भिलाई भी लिखा हुआ था। जैसे ही यह पोस्ट दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के पास पहुंचा उन्होंने क्राइम ब्रांच को एक्टिव किया। पुलिस ने मथुरा को गिरफ्तार किया। इसके बाद खुद को गैंगेस्टर बताने वाले मथुरा ने कान पकड़ कर सभी लोगों से माफी मांगी। अब पुलिस इस वीडियो को आम लोगों तक वायरल कर रही है, जिससे लोग ऐसी गलत हर्कत न करें। साथ ही जिनके पास कट्टा चाकू, तलवार जैसे अवैध हथियार हैं वह भिलाई के थानों में लगे पेशेवर अराधी किस्म का युवक है मथुरा जानकारी के मुताबिक मथुरा कैंप के 18 नंबर रोड में रहता है। उसके खिलाफ मारपीट, गांजा, अवैध हथियार सहित कई बड़े मामले दर्ज हैं। वो इस मामले में जेल भी जा चुका है। इतना ही नहीं उसकी पहुंच इतनी है कि उसने दुर्ग सेंट्रल जेल के अंदर से अपनी व अपने दोस्तों का दबंगई वाला वीडियो बनाकर भी वायरल किया था।



# नहीं रहे वेद प्रताप वैदिक



**नई दिल्ली,14 मार्च।** 13 वर्ष की उम्र में हिन्दी के लिए सत्याग्रह करने वाले जाने-माने पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन हो गया है. 78 वर्षीय पत्रकार आज सुबह अपने घर के बाथरूम में फिसलने से चोटिल हो गए थे. अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. वेद प्रताप वैदिक के निधन से मीडिया जगत में शोक छाया हुआ है. पीटीआई-भाषा जैसी संस्था के अलावा जानी-मानी मीडिया संस्थाओं के लिए काम कर चुके वेद प्रताप वैदिक का जन्म 1944 में इंदौर हुआ था. उन्होंने पत्रकारिता में अपना करियर 1958 में शुरू किया था. देश के नामचीन पत्रकार के अलावा राजनीतिक विश्लेषक वेद प्रताप वैदिक जेएनयू से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएचडी हासिल करने के साथ ही कई भारतीय और विदेशी शोध-संस्थानों और विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर रहे हैं. वेद प्रताप वैदिक को हिन्दी पत्रकारिता का चेहरा भी माना जाता है. उन्होंने साल 1957 में महज 13 साल की उम्र में हिन्दी के लिए सत्याग्रह कर जेल गए. उन्होंने 1966-67 में पहला अंतरराष्ट्रीय शोध हिन्दी में लिखा था, जिसे जेएनयू ने अस्वीकार करते हुए विवि से बाहर का रास्ता दिखा दिया था. इस पर भारतीय संसद में काफी हंगामा भी हुआ था.

# 75 लाख के बीमा के लिए गायब हुआ था परिवार

## मौत की झूठी कहानी 35 लाख का कर्ज था

**कांकेर,14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के चारामा के ग्राम चावड़ी में कार में लगी आग के बाद से रहस्यमय तरीके से लापता परिवार 13 दिनों बाद घर लौट आया है।पुलिस ने बताया कि लापता कारोबारी कर्ज से परेशान होने के बाद परिवार की मौत की झूठी कहानी रची थी। कारोबारी के ऊपर करीब 35 लाख रुपये का कर्ज था, इससे वो परेशान था इसलिए उसने पत्नी के साथ मिलकर यह पूरी साजिश रची। कांकेर पुलिस मंगलवार को इस पूरी घटना का राजफाश करेगी। जिले के चारामा के ग्राम चावड़ी में एक मार्च की रात को एक कार आग में जल गई थी। इसमें पोल्ट्री फार्म संचालक समीरन सिकदार की पत्नी जया और दो बच्चे सवार थे। समीरन सिकदार रायपुर से पखांजूर घर लौट रहा था। तभी ग्राम चावड़ी में जली हुई कार मिली। जिसमें समीरन सिकदार और उसका पूरा परिवार सवार था।अंदेशा जताया जा रहा था कि इस कार में समीरन और उसके पूरे परिवार की इस हादसे में मौत हो गई होगी। लेकिन कार में कोई भी मानव अवशेष नहीं मिलने और परिवार के लापता होने से यह पूरा मामला पेचीदा हो गया। पुलिस ने लापता परिवार की तलाश के लिए लगातार कांकेर, धमतरी से लेकर रायपुर तक लगातार छानबीन में जुटी रही। लेकिन पुलिस के हाथ कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा। इस दौरान पुलिस को यह पता चला कि समीरन सिकदार रायपुर में देखा गया है। समीरन ने रायपुर के लोधी पारा स्थित एक फोटो स्टूडियो से करीब 90 फोटो की प्रिंट निकलवाये थे। खबरों के अनुसार कारोबारी का एक 75 लाख की इंश्योरेंस पालिसी थी। कारोबारी ने इंश्योरेंस पालिसी के 75 लाख के लिए परिवार के मौत की यह झूठी कहानी रची थी।

# भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को नहीं मिलेगा मुआवजा

**नई दिल्ली,14 मार्च।** भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों का मुआवजा बढ़ाकर अतिरिक्त 7400 करोड़ रूपए की मांग की गई थी। इसके लिए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन लगाई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे आज मंगलवार को खारिज कर दिया है। जस्टिस संजय किशन कौल , जस्टिस संजीव खन्ना , जस्टिस अभय एस ओक, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच ने इस मामले में कहा कि केस दोबारा खोलने पर पीड़ितों की ही मुश्किलें बढ़ेंगी। सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि पीड़ितों को अधर में नहीं छोड़ सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों को नुकसान की तुलना में करीब 6 गुना ज्यादा मुआवजा दिया जा चुका है। केंद्र सरकार RBI के पास पड़े 50 करोड़ रुपए में से पीड़ितों की मदद करे। अगर ये केस दोबारा खोला जाता है तो यह यूनियन कार्बाइड के लिए ही फायदेमंद होगा। गैस कांड के बाद यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन ने पीड़ितों को 470 मिलियन डॉलर का मुआवजा दिया था। लेकिन पीड़ितों ने ज्यादा मुआवजे की मांग करते हुए कोर्ट में अपील की। केंद्र ने 1984 की गैस कांड पीड़ितों को डाउ केमिकल्स से 7400 करोड़ रुपए का अतिरिक्त मुआवजा मांगा है। इसके लिए दिसंबर 2010 में सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल की गई थी। भोपाल में 3 दिसम्बर सन् 1984 गैस काण्ड में मिथाइलआइसोसाइनाइट नामक ज़हरीली गैस का रिसाव हुआ था। जिसका उपयोग कीटनाशक बनाने के लिए किया जाता था। बताया जाता है कि इस गैस त्रासदी में 22965 लोगों की मौत हुई थी। वहीँ इस गैस कांड को झेल चुके जिंदा लोग आज भी किसी न किसी बीमारी से ग्रसित हैं। कई लोग अंधे हो गए, कोई अपंग हो गया, किसी को लकवा मार गया।



# कांग्रेस ने पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नई दिल्ली,14 मार्च।** कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि पीयूष गोयल ने लोकसभा के एक सदस्य के खिलाफ आरोप लगाकर उच्च सदन के नियमों एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया है। वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी पर लंदन में उनकी टिप्पणी करते हुए गोयल ने गांधी का नाम नहीं लिया था लेकिन यह स्पष्ट था कि वह उनका जिक्र कर रहे थे। अपने नोटिस में गोहिल ने कहा कि काउंसिल ऑफ स्टेट्स के प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम 238 में बहुत स्पष्ट है कि ÷किसी सदस्य द्वारा किसी अन्य सदस्य या सदन के सदस्य के खिलाफ मानहानिकारक या आपत्तिजनक प्रकृति का कोई आरोप नहीं लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गोयल ने दूसरे सदन के सदस्य द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में मामला उठाया। नियम 238 ए और साथ ही यह [ए] पुरानी परंपरा है कि एक सदन में दूसरे सदन के सदस्य के लिए संदर्भ नहीं दिया जाता है।

## एक नजर

### दूरसंचार विभाग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कार्मिक सम्मानित



**भिलाई, 14 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग में अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें दूरसंचार विभाग के विभिन्न सेक्शन में कार्यरत महिलायें दूरसंचार कार्यालय से श्रीमती आशा चौरसिया, लैब से श्रीमती सुनंदा कश्यप, स्टोर्स से सुश्री सुरेखा बोरकर, लैब और प्लानिंग अनुभाग के वरिष्ट प्रबंधक श्रीमती लाली वेणुगोपाल को विभाग प्रमुख द्वारा महिला दिवस कि बधाई दी गयी और टोकन गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया । अपने संबोधन में विभाग प्रमुख द्वारा सभी क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ने के लिए महिलाओं को सराहा और कहा कि विभाग में कार्यरत महिलायें विभाग द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा रही हैं। उन्होंने आने वाले समय में सभी से अपने तकनीकी ज्ञान और अपने कार्यक्षेत्र के दायरे को बढ़ाने की भी अपील की ।

### वायर राड मिल एवं लाइम और केलसाईन्ड डोलो के उत्पादन में बने नये रिकॉर्ड

**भिलाई, 14 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर राड मिल ने 9 मार्च 2023 को 1710 नग बिल्लेट रोल कर 1633 टन 10 एम् एम् टी एम् टी वायर राड का उत्पादन कर 10 सितम्बर 2021 को 1611 नग बिल्लेट रोल कर 1530 टन उत्पादन का पिछला दैनिक रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। वहीं 10 मार्च 2023 को सयंत्र के एल डी सी पी विभाग ने 2420 टन लाइम और केलसाईन्ड डोलो का उत्पादन कर 5 फरवरी 2023 के 2396 टन का दैनिक रिकॉर्ड को तोडा। संयंत्र के शीर्ष अधिकारी ने दोनों विभागों के टीमों को बधाई दी।

### हिर्री खदान में लोक कला महोत्सव का रंगारंग आयोजन

**भिलाई, 14 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के हिर्री खदान के दशहरा मैदान में 11 मार्च को सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत छत्तीसगढ़ लोककला महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि 8.30 बजे संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मिलिंद मुकुंद गद्रे तथा मुख्य महाप्रबंधक एवं समीर स्वरूप की गरिमामयी उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात लोक गायिका श्रीमती रजनी रजक ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विधा के कलाकारों द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुति दी गयी जिसका हजारों की संख्या में एकत्रित आसपास के ग्रामीणों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम में लोगों का उत्साह इतना अधिक था कि कार्यक्रम स्थल पर इंच भर पैर रखने की जगह नहीं थी। कार्यक्रम में महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट महाप्रबंधक शिवराजन, हिर्री खदान के प्रभारी सोमनाथ सिंह, उप महाप्रबंधक ;सी एस आर छत्रधारी, आसपास के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

### अज्ञात चोर ने लाखों का सामान किया पार

**भिलाई, 14 मार्च।** भिलाई 3 थाना अंतर्गत एक मकान में दबिश देकर अज्ञात चोर ने लाखों का सामान पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा भिलाई 3 निवासी विजय कुमार निषाद (47 साल) एसीसी चौक जामुल सिम्पलेक्स कास्टिंग कंपनी में मैकेनिकल मेंटेनेंस विभाग में कार्य करता हैं। उन्होंने रिपोर्ट नहीं दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई निर्मल कुमार निषाद का शादी कार्यक्रम चल रहा था। 11 मार्च को शादी कार्यक्रम में मेहमान आए हुए थे। अपना सामान नीचे कमरे में रखे हुए थे । शादी का कार्यक्रम घर के दूसरे मंजिल में चल रहा था। रात्रि करीब 10.30 बजे सभी उपर मंजिल में थे। रात्रि करीब 11.30 बजे बहन नीतू निषाद नीचे आई तो देखी कि जहां अपना हैंडबैग टांगी थी वहां पर नहीं था। हैंडबैग में सोने का 02 नग नेकलेस, एक जोड़ी सोने की ईयररिंग, एक जोडी सोने का झुमका, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग मोबाइल व नगदी रकम 3000 रुपए, अलमारी में रखे मंगलसूत्र, सोने का फुल्ली, 2 जोड़ी चांदी का बिछिया व नगदी रकम 5000 रुपए एवं ज्योति निषाद का सोने का 1 नेकलेस गायब था। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई 14 मार्च।** जामुल थाना अंतर्गत एक वृद्ध ने फांसी लगा ली। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में ली है जामुल पुलिस ने बताया कि शंकर नगर छावनी निवासी रमेश कुमार बघेल (61 वर्ष) अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक एसीसी प्लांट जामुल में काम करता था आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

# महिला कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई को लेकर किया सांसद जगाओ प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 मार्च।** गैस सिलेंडर एवम अन्य खाद्य पदार्थों के बढ़ती महंगाई पर राष्टीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटटा डीसूजा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम एवम् मंत्री मो अकबर के आदेशानुसार जिला महिला कांग्रेस( ग्रामीण) अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी,शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रानू दुबे के सयुक्त नेतृत्व में आज कांग्रेस कार्यालय कवर्धा में सभी कांग्रेसजनों की उपस्थित पश्चात मंहगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ संबोधन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सीमा अगम ,प्रदेश सचिव शेख अनवरी,प्रदेश सचिव नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहु,रोशनी मरावी,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ईश्वर शरण वैष्णव व जिला महिला कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष गंगोत्री योगी ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार के नाकामी से बढ़ते मंहगाई को लेकर भाजपा सांसद को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी और गैस पेट्रोल की कीमत में जरा सी बड़ोतरी होती थी तो इन्ही भाजपा के लोग सड़क पर बैठ कर नारा लगाते थे आज जब होली के त्यौहार के एक दिन पहले गैस सिलेंडर की दाम 50 रु बढ़कर 1200 पहुंच गई तो ये भाजपा के लोग नजर नही आ रहे हैं, संबोधन पश्चात सभी ने भाजपा सांसद कार्यालय घेराव करने थाली पीटते हुए एवम् मंहगाई डायन खाय जात है भाजपाई सांसद मोदी मोदी गाए जात है नारा लगाते हुए प्रदर्शन किए । पुलिस प्रशासनद्वारा प्रदर्शन को रोकने बेरिकेट लगाई गई थी जिसे शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे,मीडिया प्रभारी गोरेलाल चंद्रवंशी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सीमा अगम,प्रदेश सचिव शेख अनवरी ,शहरउपाध्यक्ष रचना कोसले,फूलवती डहरिया त्रिवेणी मानिकपुरी बेरिकेट तोड़ते हुए भाजपा कार्यालय के पास पुलिस बल द्वारा रोकने पर जमकर नारावाजी की शहर महिला अध्यक्ष ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सांसद संतोष पाण्डेय को संदेश दिया की आज हम महिलाएं गैस की बढ़ती कीमत से परेशान है हम चाहते है की आप सदन में हमारी बातो को मोदी जी के समक्ष रखो, ताकि महंगाई से छुटकारा मिल सके। आज के इस कार्यक्रम में योग आयोग सदस्य गणेश योगी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु उपाध्यक्ष चोवा साहु,जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी,पूर्व जिला महामंत्री तुकेश्वर साहु,जलेश्वर यादव,शहर सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष पदूम सेन, रूपेंद्र मानिकपुरी, मणिकांत त्रिपाठी, लालजी सोलंकी,चेतन पटेल, महिला कांग्रेस से पार्वती सोनी पुष्पा साहू मंजू शरद बांगली लक्ष्मी सत्य बंसी गोमती साहू कल्याणी श्रीवास लता ना गीत सुमित्रा धुर्वे सुनीता पांडे अनीता नेताम उमा यादव, सविता यादव संध्या कहार,आदि सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

## चुनाव तैयारी के लिए नीलू चंद्रवंशी ने ली मोहतरा बूथ कांग्रेस की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 पंडरिया।** विधानसभा के मोहतरा बूथ कांग्बठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक जी ने सभी कार्यकर्ताओं का बैठक लिया बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से अपनी बात एवं समस्याएं रखें और कार्यकर्ताओं ने कहा बूथ - बूथ गांव - गांव में जाकर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को दूर करने एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की जरूरत है और भारतीय जनता पार्टी के श्री संतोष चंद्रवंशी एवं संजय चंद्रवंशी को जिला अध्यक्ष ने विधिवत कांग्रेश प्रवेश कराया। कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नीलू चंद्रवंशी जी ने कहा की छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी की सरकार ने किसानों गरीबों एवं मजदूरों के लिए ज्यादा काम किया है किसानों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने जो योजनाएं लाई है उस योजना से किसानों को एवं समाज के सभी वर्गों को लाभ हुआ है आज छत्तीसगढ़ में किसान मालोमाल हो गया है चाहे वह धान की खरीदी हो चाहे वह गन्ना की खरीदी हो चाहे वह लघु वनोपज खरीदी हो चाहे ग्रामीण खेतिहर मजदूर योजना हो और अभी युवाओं के लिए भी बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा हुआ है छोटे-छोटे कर्मचारियों के भी वेतन में वृद्धि हुई है जिससे छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों के लोगो को इसका लाभ मिलेगा और अभी आप लोगों ने अपनी छोटी-छोटी समस्या एवं बात रखे हैं मैं आप लोगों की समस्या के निराकरण करने के लिए हर समय कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा रहूंगा और पूरी इमानदारी से कार्यकर्ताओं की काम एवं समस्या को निराकरण करने का ईमानदारी से प्रयास करूंगा आप लोगों का जो भी काम होंगे आप लोग मेरे को जरूर बताएं मैं अपनी क्षमता अनुसार आप लोगों के पूरे काम को करूँगा अगर कोई काम मेरे से नहीं हो पाएगा तो आप लोगों के काम एवं समस्या को लेकर के मंत्री माननीय श्री मोहम्मद अकबर जी एवं मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी के पास जाकर आप लोगों की काम और समस्या को निराकरण कराने का प्रयास करूंगा बैठक को बूथ के कार्यकर्ताओं एवं मनोज चंद्रवंशी श्री ईश्वर शरण वैष्णव जी, दिलीप चंद्रवंशी ने संबोधित किया और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### राकेश हिरवानी जिला प्रकोष्ठ के संयोजक बने



**उतई, 14 मार्च।** दुर्ग जनपद के कृषि सभापति राकेश हिरवानी को जिला साहु समाज का किसान प्रकोष्ठ के संयोजक बनाया गया। जिला साहू संघ दुर्ग के जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री नन्दलाल साहू जी ने जिला कार्यकारिणी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए श्री राकेश हिरवानी जी को किसान प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया, व श्री अजय चौधरी जी को कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाया गया जिला साहू संघ दुर्ग उन्हें जिला साहू संघ दुर्ग तहसील साहु समाज दुर्ग ग्रामीण,पाटन व अहिवारा के पदाधिकारियों व समाजिक लोगों कि ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई । हिरवानी को संयोजक बनाते जाने पर पुरई परिक्षेत्रीय साहू समाज ने बधाई दी व ज़िला साहू समाज दुर्ग को आभार व्यक्त किया।

**सम्मान**




### विश्व महिला दिवस पर महिलाओं का किया गया सम्मान

**कवर्धा, 14 मार्च।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद भवन में महिलाओ का सम्मान किया गया । मुख्य अतिथि सुख बाई टोंडे सिटी मिशन प्रबंधक जिला कबीरधाम ने कहा की आप सभी को विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई और वर्तमान समय में महिलाए शिक्षा , स्वास्थ्य और सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही है । मुख्य अतिथि सहित महिलाओ का सम्मान हुआ । आस्था कल्याण समिति के अध्यक्ष , सदस्य एवं समस्त महिलाए उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भिलाई नगर निगम ने किया शीघ्रता से अमल प्रारंभ



**भिलाई, 14 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई निगम को 60 करोड़ की राशि विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के लिए देने की घोषणा की है। इसी तारतम्य में भिलाई निगम ने इस पर शीघ्रता से अमल करना प्रारंभ कर दिया है। घोषणा के तहत महिलाओं को रोजगार की दिशा में जोड़ने के लिए भिलाई शहर में आजीविका केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे। इसके लिए आज महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों के साथ स्थल का जायजा लिया तथा स्पॉट पर ही पूरी प्लानिंग को लेकर चर्चा भी की। आजीविका केंद्र में 500 महिलाओं को रोजगार मिल पाएगा। शीघ्र ही निगम इस पर कार्य करेगा। मुख्यमंत्री जी की घोषणा के तहत युवाओं के रोजगार पर भी काम होंगे, इसके लिए भिलाई निगम में अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ बनाए जाएंगे। रीपा की तर्ज पर अर्बन कॉटेज एंड सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क बनाए जायेंगे। मार्केट क्षेत्रों में सीसी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे, आधुनिक शौचालय के निर्माण के साथ ही इसमें प्रकाश की व्यवस्था के इंतजाम भी होंगे। बीपी, शुगर, रक्त परीक्षण आदि के लिए भिलाई में 50 कियोस्क की स्थापना होगी। भिलाई में विश्व स्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन बनेगा इसके साथ ही सिविल अस्पताल सुपेला में आधुनिकीकरण के कार्य होंगे। कचरा कलेक्शन की व्यवस्था बेहतर करने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ई रिक्शा/ई कार्ट की व्यवस्था की जाएगी। आज निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, उप अभियंता अर्पित बंजारे तथा प्रकृति जगताप आदि मौजूद रहे।

# नियमितीकरण पर रिसाली निगम का अभियान,4 दुकानों पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रिसाली।** चेतावनी और समझाइश का असर नहीं होने पर रिसाली नगर पालिक निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नियमितीकरण को नजरअंदाज करने पर निगम के अधिकारियों ने सरस्वती कुंज में अपना ताला जड़ दिया। 4 दुकानें और 1 मकान शामिल है। खास बात यह है कि नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अधिकारी एक माह पहले समझाइश दी थी। वहीं पन्द्रह दिनों पहले यह कहते हुए नोटिस जारी किया था कि अवैध निर्माण करने वाले शासन की योजना के तहत नियमितीकरण के लिए दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करे। इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ताओं ने रुचि नहीं दिखाई। आयुक्त के आदेश पर सोमवार को राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने सील बंद कार्रवाई की। इन दुकानों को किया सील- चंदा सोनी डेली निड्स दुकान, आशीष पटेल अंडर कंस्ट्रक्शन सूर्यकांत सेनापति कार सेंटर शॉप, कमलेश साहू आवासीय व व्यावसायिक दुकान, राजू लाल देवांगन ऑटो वर्क्स। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कहा है कि बिना अनुमति मकान बनाने वालों कार्य बंद कराएं और जुर्माना वसूल करें साथ ही भवन अनुज्ञा लेने प्रेरित करें। आयुक्त ने बिना अनुमति मकान बनाकर निवास करने वालों से नियमितीकरण के तहत निगम से संपर्क कर भवन निर्माण प्रमाण पत्र लेने की अपील की है।

# सीएम ने बजट में दी पंडरिया विधानसभा को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,14 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 मार्च को विधानसभा सदन में बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र को प्रशासनिक इकाई , स्वास्थ्य, विकास व निर्माण कार्यों हेतु करोड़ों का प्रावधान किया है। बजट में वर्षो से लंबित क्षेत्रीय मांगो सहित मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर कई प्रावधान किए गए हैं। विधायक श्रीमती ममता मनोज चंद्राकर के प्रयासों को इस बजट में बड़ी सफलता मिली है। सड़क निर्माण कार्यों की बहुतायत में स्वीकृति मिली है। विधायक की ओर से की गई अनुशंसा पर शिक्षा, पुल-पुलिया, सड़क निर्माण एवं उन्नयन सहित सिंचाई व्यवस्था को भी मजबूत बनाने के लिए करोड़ों का प्रावधान किया गया है। बजट में पंडरिया विधानसभा के लिए प्राप्त स्वीकृति में विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम अचानकपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए (75.23 लाख), ग्राम झलमला से घोरेवारा के मध्य सकरी नदी में पुलिया निर्माण (300.00 लाख), पंडरिया के हरीनाला में पुलिया निर्माण (110.00 लाख), ग्राम रहमानकापा - बदौरा - कोदवागोडान के मध्य आगर नदी में पुलिया निर्माण (250.00 लाख), ग्राम बिटकुलीकला से बिटकुलीखुर्द के मध्य सकरी नदी में पुलिया निर्माण(250.00), ग्राम बाटीपथरा से कुई के मध्य हाफ नदी में पुलिया निर्माण (945.00लाख), ग्राम अमेरा से सिली के मध्य नीरा नदी में पुलिया निर्माण (478.96 लाख ), ग्राम डोंगरियाकला से खरहट्टा के मध्य फोक नदी में पुलिया निर्माण (495.00 लाख), कवर्धा - रबेली- प्रतापपुर मार्ग 20.00 किलोमीटर का सड़क उन्नयन (180.00) लाख, फास्टरपुर- कुंडा- मोहगांव - पांडातराई मार्ग 21.00 किलोमीटर का सड़क उन्नयन ( 180.00 लाख), उमराव नगर से गोरखपुर मार्ग पुल- पुलिया सड़क निर्माण कार्य 3.00 किलोमीटर(450.00लाख), ग्राम कुआं से कोयलारी मार्ग पुल पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य 3.00 किलोमीटर (270.00 लाख+10लाख), ग्राम नवागांव (को.) से गोपालभावना मार्ग 3.00 किलोमीटर निर्माण (360.00 लाख + 10.00 लाख), ग्राम पटुवा धौराबंद मार्ग 2.00 किलोमीटर सड़क निर्माण (377.20 लाख + 10.00 लाख), धौराबंद से बंशापुर होते हुए प्राणकापा 3.00 किलोमीटर सड़क निर्माण (350.00 लाख ), ग्राम दामापुर- बजेरहा- भरेवापारा होते हुए करपीगोडान तक 7.00 किलोमीटर तक सड़क निर्माण (500.00 लाख), ग्राम धौराबंद से कृतबांधा मार्ग 7.00 किलोमीटर सड़क निर्माण(506.10लाख +100.00लाख), ग्राम बिरनपुर से इंदौरी मार्ग 3.00 किलोमीटर सड़क निर्माण (461.95 लाख + 250.00 लाख), ग्राम गौरमाटी से ऊरैया मार्ग 1.50 किलोमीटर सड़क निर्माण ( 402.91 लाख +150.00 लाख), ग्राम मोहगांव(बोड़ला) से प्रतापपुर मार्ग सड़क उन्नयन(864.55 लाख+160.00 लाख), अपर आगर व्यपवर्तन (20.00लाख), दमगढ़ व्यपवर्तन(30.00लाख), रेंगाबोड (कुंडा), व्यपवर्तन (20.00 लाख), थुवाकुबा जलाशय (40.00लाख), जल्हा नाला जलाशय (60.00 लाख), घोघरा व्यपवर्तन (60.00लाख), कपाट नाला व्यपवर्तन (60.00लाख), सूतियापाट व्यपवर्तन(120), कर्रानाला व्यपवर्तन (235.00लाख), हाफनदी व्यपवर्तन रमताला जलाशय (1750.00 लाख), चियाडांड जलाशय (किलकिला) (350.00 लाख), अमनिया जलाशय (किलकिला) (700.00 लाख), बकेला के पास हाफनदी में जीर्णोद्धार (1500.00लाख), पुटपुटा नहर व्यपवर्तन (6.00 लाख), कामठी जलाशय (6.00 लाख), बानो- कुआं एनीकट (500.00 लाख), हेम्प व्यपवर्तन व नहर लाइनिंग (1408.00 लाख), फोक व्यपवर्तन व नहर लाइनिंग (2000.00लाख), महली जलाशय (492.00), लाख) घठोला जलाशय(495.00 लाख), अमनिया व्यपवर्तन व नहर लाइनिंग (300.00लाख), हाफनदी में ताई तिरनी व्यपवर्तन (1000.00 लाख) की स्वीकृति मिली है।

### भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट की कार्यकारिणी घोषित

**भिलाई, 14 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के अनुशंसा एवं भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट प्रदेश संयोजक महेन्द्र पंडित व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट जिला भिलाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। भाजपा जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट मनोज तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यकारिणी में अवधेश सिंह को सहसंयोजक वैशालीनगर मंडल, डी- जनार्दन रेड्डी सहसंयोजक चरोदा मंडल, राजेश कुमार सिंह सहसंयोजक पूर्व मंडल, विनोद शर्मा सहसंयोजक खुर्सीपार मंडल, कमलेश दुबे कोषाध्यक्ष पश्चिम मंडल, हेमंत बेहरा मीडिया प्रभारी खुर्सीपार मंडल, राजेन्द्र सोनी सह मीडिया प्रभारी चरोदा मंडल, ज्ञान दास मानिकपुरी सोशल मीडिया प्रभारी चरोदा मंडल, राकेश सिंह सह सोशल मीडिया प्रभारी पश्चिम मंडल, अचुतानंद त्रिपाठी कार्यकारिणी सदस्य सुपेला मंडल, विजय साव कार्यकारिणी सदस्य खुर्सीपार मंडल, हर्ष शर्मा कार्यकारिणी सदस्य खुर्सीपार मंडल, बीजू सरकार कार्यकारिणी सदस्य चरोदा मंडल, रामानुज प्रसाद कार्यकारिणी सदस्य केम्प मंडल, राजेश केशरवानी कार्यकारिणी सदस्य सुपेला मंडल, निराकार निहाल कार्यकारिणी सदस्य रिसाली मंडल, बी. सुभद्रा कार्यकारिणी सदस्य रिसाली मंडल बनाया गया है।

# बीएसपी की टीमों ने जीता प्रोडक्टिविटी एक्सीलेंस अवार्ड

**भिलाई, 14 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की दो टीमों ने भुनेश्वर में उड़ीसा स्टेट प्रोडक्टिविटी काउंसिल द्वारा आयोजित प्रोडक्टिविटी एग्रीन ग्रोथ एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से धूम मचाई है। इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित पांच सितारा होटल मैरीऑन जनपथ में आयोजित किया गया। जिसमें देश भर की प्रतिष्ठित कंपनियों की टीमों ने शिरकत की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएसपी की दोनों टीमों को प्रोडक्टिविटी एक्सीलेंस अवार्ड 2022 से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता के तहत बीएसपी के कोक ओवन की टीम को 5 स्टार प्रोडक्टिविटी एक्सीलेंस अवार्ड तथा ब्लास्ट फर्नेस की टीम को 4 स्टार प्रोडक्टिविटी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। विदित हो कि बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के महाप्रबंधक मनोज दुबे के मार्गदर्शन में कोक ओवन एवं ब्लास्ट



फर्नेस की टीमों ने ऑनलाइन आयोजित इस प्रतियोगिता में अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए। मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार के नेतृत्व में कोक ओवन की टीम में शामिल वरिष्ठ प्रबंधक शशिकांत देव और विभाग के उप प्रबंधक चेतन अशोक फुटाने और ब्लास्ट फर्नेस विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एस टोकदार के नेतृत्व में ब्लास्ट फर्नेस टीम में शामिल दोनों उप महाप्रबंधक नवीन कुमार तिवारी और मनीष कुमार तिवारी ने अपने अपने तकनीकी प्रस्तुतियों से निर्णायकों को प्रभावित किया ।

# लक्ष्मी मार्केट में लेन-देन को लेकर लड़कियों के बीच मारपीट

**भिलाई,14 मार्च।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र लक्ष्मी मार्केट में कुछ लड़कियों के बीच पैसों की लेनदेन को लेकर बीच बाजार में जमकर हंगामा व मारपीट हुई है। मारपीट के दौरान लड़कियों के एक समूह ने दूसरे पक्ष की लड़कियों के शरीर व आंखो पर मिर्च पाउडर भी मला है। इस झगड़े के दौरान वहां पर अच्छी खासी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस झगड़ा शांत कराने के बाद दोनों पक्षों को थाने ले गई।मामला दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मी मार्केट का बताया जा रहा है। यहां 13 मार्च की रात करीब 9 बजे कुछ लडकियां पैसों की लेनदेन को लेकर आपस में भीड़ गई। युवतियों के बीच जमकर मारपीट हुई। वहां आस- पास मौजूद लोगों



ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन वे लोग भी नाकाम रहे और लड़कियों ने भी किसी की नही सुनी। सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि केम्प क्षेत्र की कुछ लड़कियों और सुपेला की लड़कियों के बीच 4 हजार रुपए का लेनदेन था। इसी सिलसिले में केम्प की लड़कियां सुपेला पहुंची थी बताया जाता है कि एक समूह की लडकियां अपने साथ मिर्च पाउडर लेकर पहुंची थी। झगड़े के दौरान वे दूसरे पक्ष के लड़कियों के शरीर पर वे उस मिर्च पाउडर को मल रही थी। साथ ही एक दूसरे को भद्दी-भद्दी गालियां भी दे रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ लड़कियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### गदा चौक सड़क में लगा जाम

लड़कियों के बीच झगड़ा सुपेला से गदा चौक को जाने वाले सड़क के किनारे स्थित लक्ष्मी मार्केट के पास हुआ। दोनों गुट की लड़कियां एक दूसरे को भद्दी भद्दी गालियां दे रही थीं। यह तमाशा देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ लग गई थी। इसके चलते वहां घंटे भर लंबा जाम लगा रहा।

## एक नजर

### सीएम भूपेश बघेल से मिलकर विजय वर्मा ने दी होली पर्व की बधाई



**खैरागढ़ 14 मार्च।** केसीजी जिले के युवा कांग्रेसी नेता विजय वर्मा होली पर्व के बधाई देने सीएम हाऊस रायपुर पहुँचे जहां उन्होंने सीएम भूपेश बघेल से मिलकर रंगों का त्यौहार होली पर्व की बधाई दी साथ ही सीएम को रंग गुलाल लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया बता दें कि विजय वर्मा खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी इलाकों में विगत कई वर्षो से हर बूथों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार दौरा कर रहे हैं साथ ही कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को को अवगत कराते रहते हैं विजय वर्मा के द्वारा कांग्रेस पार्टी को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में मजबूत करने के लिए विजय वर्मा बूथ स्तर में जाकर लगातार बैठके ले रहे हैं साथ ही किसानों से सीधा संपर्क करते हुए उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर सेवा कर रहे हैं होली पर्व के दौरान विजय वर्मा के निवास ग्राम झुरानदी में बधाई देने वालो का तांता लगा रहा जो चर्चा का विषय बना हुआ है गौरतलब है कि इस साल विधानसभा चुनाव होना है जिसमे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से विजय वर्मा प्रबल दावेदारी पेश कर सकते हैं।

### रोशनी वैष्णव ने दरी,कुर्सी गोदरेज आलमारी प्रदान की



**राजनांदगांव 14 मार्च।** समीपस्थल धामनसरा में एकता ग्राम संगठन बिहान समुह के महिलाओं को रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य ने अपने 15 वित्त से 25 हजार के कुर्सी दरी गोदरेज प्रदान किया सरपंच लोकेश गंगवीर सचिव कु ढालेशवरी साहु समुह सदस्य पारसमणी पवार मुंगेशिया यादव देवकी पटेल सहित सदस्य गण उपस्थित रहा।

### आयुष्मान कार्ड के लिए 17 मार्च तक 47 वार्डो में शिविर लगाये जायेंगे

**रायपुर 14 मार्च।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत प्रदेश के समस्त अंत्योदय ञ्प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को रू. 5 लाख तक प्रति वर्ष सहायता एवं एपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को 50 हजार रू. तक की प्रति वर्ष उपचार सहायता प्रदान की जाती है। आयुष्मान कार्ड परिवार के प्रत्येक सदस्य का अलग-अलग बनता है। इस हेतु अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर अपना एवं परिवार का आयुष्मान कार्ड पात्रतानुसार बनवाया जा सकता है। इसमें विस्तृत जानकारी टोल फ्री नंबर 104 या संबंधित जोन कार्यालय में संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है। जन सामान्य की सुविधा हेतु दिनांक 14 मार्च से 17 मार्च तक कार्यालय अवधि सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक नगर पालिक निगम रायपुर के विभिन्न 47 वार्डों में आयुष्मान कार्ड हेतु वार्डवार शिविर आयोजित किये जा रहे है। आयुष्मान कार्ड के शिविर हेतु शिविर प्रभारी की ड्यूटी लगायी गयी है।

### वीरांगना अवन्ति बाई लोधी का बलिदान दिवस 20 मार्च को

**रायपुर 14 मार्च।** वीरांगना अवन्ति बाई लोधी के बलिदान दिवस दिनांक 20 मार्च 2023 सोमवार को प्रातः 10.30 बजे राजधानी शहर रायपुर के जिला चिकित्सालय परिसर पंडरी में स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है. उक्त जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं अधीक्षण अभियन्ता श्री हेमंत शर्मा ने देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा वीरांगना अवन्ति बाई लोधी के बलिदान दिवस दिनांक 20 मार्च 2023 सोमवार को प्रातः 10.30 बजे राजधानी शहर रायपुर के जिला चिकित्सालय परिसर पंडरी में स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम हेतु आवश्यक साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियाँ आदि सहित अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित जोन क्रमांक 3 के जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा को निर्देशित किया गया है।

### चेट्रीचण्ड और रामनवमी पर मांस - मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रायपुर 14 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में दिनांक 22 मार्च 2023 बुधवार को चेट्रीचण्ड एवं दिनांक 30 मार्च 2023 गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिनांक 22 मार्च 2023 बुधवार को चेट्रीचण्ड एवं दिनांक 30 मार्च 2023 गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। दिनांक 22 मार्च 2023 बुधवार को चेट्रीचण्ड एवं दिनांक 30 मार्च 2023 गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

# गरीबो का हक छीन रही राज्य की कांग्रेस सरकार:अरूण साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 14 मार्च।** नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के बीजेपी जिला कार्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, प्रदीप गांधी, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष नंदन जैन, पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी, खैरागढ़ विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विनोद खांडेकर, रामजी भारती, सरोजनी बंजारे, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा,केसीजी जिला भाजपा प्रभारी राकेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, राजनांदगांव जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, पूर्व विधायक कोमल जंघेल,राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी प्रमुख रूप से उपस्थित थी। कार्यालय भूमिपूजन कार्यक्रम सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ विधिवत भूमिपूजन किया गया ततपश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने राज्य की कांग्रेस सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता के विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि जो सरकार राज्य में गरीब परिवार को आवास योजना से वंचित कर रही है एवं अपने नेताओं के लिए सड़क में फूल बिछाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रही है वह कभी भी जनता का हित नही चाहती वह सिर्फ दिखावा करके छत्तीसगढ़ को कर्ज में डालने का काम कर रही है जिसे जनता देख रही है व आने वाले





विधानसभा चुनाव में उखाड़ देगी श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार की कोई भी योजना सफल नहीं है साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने भाजपा कार्यालय निर्माण के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा भी की इसी कड़ी में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही जनता के लिए कभी भी काम नही करती बल्कि अपने हित के लिए काम करती है पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सदैव पार्टी के लिए काम करते हैं एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब जनता अवश्य देगी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार दूसरे राज्य में जाकर वाहवाही लूटने का काम करती है जबकि छत्तीसगढ़ में विगत चार साल में कोई विकास नही हुआ है साथ ही नए जिले के लिए बजट में किसी तरह से स्वीकृति नहीं देना यह प्रतीत होता है कि कांग्रेस सरकार को नए जिले से कोई मतलब नहीं है कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने भी संबोधित किया गौरतलब है कि भाजपा के नीति से प्रभावित होकर साल्हेवारा क्षेत्र सहित पाण्डादाह क्षेत्र के युवाओं ने भाजपा का दामन थामा जिन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक, पूरन जंघेल, हरप्रसाद वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, जीवन दास रात्रे, प्रकाश सिंह, नवनीत जैन, राकेश ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, विनय देवांगन, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, केशव चंदेल, पारस ठाकरे, बिशेषर साहू, आयश सिंह, आशीष सिंह, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, साफिया बेगम, प्रीति यादव, श्रवण जंघेल, भगवानी जंघेल, विनय चोपड़ा, सन्नी यदु सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यावसायिक परिसर के भूतल की दुकानों की प्रीमियम राशि का भुगतान नहीं करने पर नगर निगम ने की 3 दुकानों में तालाबंदी

**राजनांदगांव 14 मार्च।** नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल एवं प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। भूतल में निर्मित 6 दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को प्रीमियम राशि का भुगतान करने अनेको बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत प्रीमियम का भुगतान नहीं करने पर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देश पर 6 दुकानों में से क्रमशः दुकान क्रं. 4,5 व 6 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी।

प्रीमियम की राशि का भुगतान नही करने पर आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक श्री रविन्द्र ठाकुर व श्रीमती द्रोपती हरिहारनो व श्री राजकुमार बंजारे, लेखापाल श्री पंकज साहू एवं निगम की टीम सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल की दुकान क्रं. 4 जो श्री रामनुज वर्मा को आबंटित है, इसी प्रकार दुकान क्रं. 5 श्री लोकेश पंचभाई तथा दुकान क्रं. 6 आबंटित श्रीमती ललिता जैन द्वारा प्रीमियम की राशि जमा नहीं करने पर उपरोक्त तीनों दुकान में तालाबंदी कर सील की गयी।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल में निर्मित 6 दुकाने



नियमानुसार नीलामी के माध्यम से दुकान क्रं. 1 से 6 तक क्रमशः श्री लोकेश अग्रवाल, श्री विजय धनवानी, श्री हरीश सोनछत्रा, श्री रामनुज वर्मा, श्री लोकेश पंचभाई एवं श्रीमती ललिता जैन को आबंटित किया गया है। आबंटन उपरांत प्रीमियम जमा करने इन्हें अनेको बार नोटिस जारी किया गया, दिनांक 25 अगस्त 2022, 28 नवम्बर 2022 एवं 13 जनवरी 2023 प्रीमियम की सम्पूर्ण राशि का भुगतान किये जाने नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत दुकान क्रं. 1, 2 व 3 के आबंटितों द्वारा लिखित में अतिशीघ्र प्रीमियम का भुगतान हेतु कुछ समय मांगा गया और दुकान क्रं. 1 के श्री लोकेश अग्रवाल द्वारा स्थल पर 10 लाख रूपये का भुगतान चैक के माध्यम से किया गया तथा 5 लाख रूपये का पोस्ट डेटेड चेक दिया गया। किन्तु दुकान क्रं. 4,5 व 6 के आबंटितों द्वारा किसी प्रकार का भुगतान किये बिना सम्पर्क भी नहीं किया गया, जिसपर कार्यवाही करते हुये उपरोक्त तीनों दुकाने सील की गयी। दुकानों का प्रीमियम व किराया का भुगतान नहीं करने पर आगे भी दुकानों में सील करने की कार्यवाही की जावेंगी।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, करदाताओं को करो का भुगतान करने अपील की जा रही है, बडे बकायादारों को नोटिस दिया गया है, साथ ही नल विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा कुर्की की कार्यवाही भी की जावेगी। उन्होंने करदाताओं से कहा कि, अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार से बच नगर विकास में सहयोगी बने।

## पुलिस ने चोरी का किया खुलासा,3 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 14 मार्च।** 11 मार्च को प्रार्थिया पायल साहू निवासी गुंगेरीनवागांव थाना डेंगरगांव की थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 09.03.2023 की रात्री मे कोई अज्ञात चोर घर मे घूसकर घर मे रखे सोने चांदी के जेवरात एंव नगदी रकम व आवश्यक दस्तावेज जुमला कीमती 45,000/- रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । घटना की जानकारी तत्काल श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव श्री अभीषेक मीणा सर , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री लखन पटले एंव उपपुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्रीमति नेहा वर्मा मैडम को देकर आवश्यक दिशानिर्दशन एंव मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी निरी0 भरत बरेठ के नेतृत्व मे प्रकरण के आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु मुखबीर मामुर कर पुलिस टीम रवाना हुआ । विवेचना के अज्ञात चोर माल मशरूका का पता तलाश किया जा रहा था तभी जरिये मुखिबीर सुचना मिली की ग्राम गुंगेरी नवागांव निवासी 1. भानुप्रताप कुंजाम पिता मणीराम कुंजाम, उम्र 21 वर्ष, 2. निलेश मंडावी पिता समारू मंडावी, उम्र 18 वर्ष, 3. लुमेश मंडावी पिता खेमलाल मंडावी, उम्र 34 वर्ष के द्वारा एक-दो दिन से गांव के दुकान में आकर आय से अधीक पैसा खर्चा करने लगे है कि सूचना पर संदेहियों को तलब कर हिम्मत अमली से पुछताछ करने पर आरोपियो द्वारा दिनांक 09.03.2023 को प्रार्थिया पायल साहू पति स्व0 हेमचंद साहू, उम्र 31 वर्ष, निवासी गुंगेरी नवागांव के सुने मकान पर जाकर रात्री में घर में लगे ताला को तोडकर अन्दर प्रवेश कर चोरी करना कबुल किया। मौके के गवाह के समक्ष मेमोरण्डम कथन, जप्ती की कार्यवाही की गई आरोपियो के कब्जे से चोरी गये 04 जोडी चांदी का पायल, 06 नग सोने की पत्ती, 01 नग मोबाइल सैमसंग कम्पनी एवं सात सौ रूपये को बरामद किया गया। आरोपियो का कृत्य धारा सदर का पाये जाने से आरोपी भानुपताप कुंजाम, निलेश मंडावी, लुमेश मंडावी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा जाता है । सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी0 भरत बरेठ , सउनि0 शब्बीर खान , देवकुमार रावटे, विजय साहू , आर0 कौशल सुधाकर , चोवा लाल यादव , सत्येन्द्र डाहिरे का विशेष योगदान रहा है ।





## जंगलों से हो रहा बेखौफ रेत परिवहन

■ जंगली वन्यजीवों सहित जंगल का अस्तित्व खतरे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 14 मार्च।** सूत्रों के हवाले से वन विभाग रेत माफियावों को खुला छुट दे रखी है,रेत के तस्करों ने परिवहन खुलेआम दिन में ही बेखौप किया करते थे,लेकिन राजनीतिक उथल-पुथल,दिखावे के धर-पकड़ करने के बाद रेत के दलालों ने वन विभाग के कुछ कथित अधिकारी,कर्मचारियों के कहने पर बेधड़क शाम ढलते ही पुरे रात्रिकालीन प्रतिदिन सैकड़ो ट्रैक्टर व माज़दा वाहनों से परिवहन कर डम्प किया जा रहा है । डम्प किये गये रेत कुमर्राछुरिया,छुरिया के अनेक स्थानों मे सैकड़ो ट्रिप से भी अधिक अलग-अलग स्थानों पर रेत का अवैध भंडारण किया गया है। रेत माफियाओं ने उपभोक्ताओं 3000 प्रति ट्रॉली से 5000 रुपए में रेत की बेखौफ बिक्री कर रहे है,वनोपज जाँच चौकी से रेत भरी ट्रॉलिया को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्वयं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाता है। प्रतिमाह दर्जनों माफियाओं ने करोडों रुपए की रेत की निकासी कर रहे है।अधिक मात्रा में अवैध खनन होने के चलते जंगली जानवरों जो वनों में विचरण करने वाले वन्यप्राणियों सहित जंगल के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है,कही-कही पर अधिक रेत निकालने के वजह से बड़े-बड़े गढढा तालाब का रुप ले लिया है,एक परिवहनकर्ता ने नाम नही बताने के शर्त पर बताया की हमारे द्वारा प्रति ट्रिप 300 रुपए का भुगतान वनकर्मीयों को करते है,रात में छुरिया जंगल सहित क्षेत्र के घोघरे, डुमरडीह, लालुटोला, गोपालपुर से अलग-अलग स्थानों पर 2 से 3 दर्जनो गाड़ीयों से प्रतिदिन रेत का अवैध निकासी के लिये वाहनों का मेला लगता है। इतनी बड़ी मात्रा में अवैध खनन होने के बावजूद वन विभाग सहित खनिज विभाग की अधिकारीयों की चुप्पी समझ से परे है,और मौन स्वीकृति को दर्शाता है ।

## रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को छूट बहाल करने की संसदीय समिति की सिफारिश पर पेंशनर्स महासंघ ने खुशी जताई

**रायपुर 14 मार्च।** सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता गठित संसद की एक स्थायी समिति द्वारा कोरोना महामारी से पहले वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिलने वाली छूट को फिर से बहाल करने की सिफारिश करने पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेन्द्र नामदेव ने खुशी जाहिर किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को ट्वीट कर समिति की सिफारिश को मान्य कर देश के वरिष्ठ नागरिकों व पेंशनरों को इस महंगाई के दौर में रेल यात्रा होने वाली व्यय में राहत पहुँचाने की मांग की है।जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि भारतीय रेलवे सभी वरिष्ठ नागरिकों को मेल, एक्सप्रेस, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो समेत सभी ट्रेनों की सभी श्रेणियों में यह छूट देती थी। जिसे 20 मार्च, 2020 से बंद कर दिया गया है। भारतीय रेलवे से 60 साल से अधिक आयु के पुरुष यात्रियों को किराये में 40 प्रतिशत तथा 58 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिला यात्रियों को किराये में 50 प्रतिशत की छूट मिलती थी।भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रेलवे की स्थायी संसदीय समिति ने संसद के दोनों पटलों पर अपनी यह रिपोर्ट सोमवार 13 मार्च 23 को पेश की है। इस समिति ने अपनी पिछली रिपोर्ट में भी यही सिफारिश की थी।अब समिति ने पुनः छूट उपलब्ध कराने पर विचार किया और वरिष्ठ नागरिकों हित में समिति ने सरकार से इसके लिए अनुदान की मांग की है। रेलवे की संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा कि रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अब देश कोविड के हालात से उबर गया है और इस राष्ट्रीय परिवहन की आय में वृद्धि सामान्य स्तर की हो गई है। समिति ने यात्री आरक्षण प्रणाली को लेकर 12वीं कार्रवाई रिपोर्ट (17वीं लोकसभा) में यह इच्छा भी जताई है कि वरिष्ठ नागरिकों को कोविड काल से पहले वाली छूट उपलब्ध कराने पर विचार किया जाए।

## सिटी कोतवाली चोरी के प्रकरण का 24 घंटे में खुलासा

■ विधि से संघर्षरत बालक ने दिया घटना को अंजाम

■ विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से चोरी के मशरूका जेवरात बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 मार्च।** 12 मार्च को प्रार्थी तरूण कुमार साहू पिता भागीरथी साहू उम्र 40 साल साकिन वार्ड क्र0 34 लखोली अटल आवास बैगापारा राजनांदगांव ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 08 .03.2023 के 10:00 बजे अपने घर का ताला बद कर होली पर्व मनाने रिस्तेदारो के यंहा सपरिवार बसंतपुर गया था शाम 04:00 बजे घर वापस आकर देखा तो दरवाजा का ताला टुटा था कमरा अन्दर जाकर देखा तो आलमारी के लॉकर में रखा



सोने का मंगल सूत्र एंव नगदी रकम कुल कीमती 49000/- रू0 को कोई चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रंमाक 198/23 धारा 454,380 भा0द0वि0 पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। चेरी की घटना को गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के मार्गदर्शन मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के नेतृत्व मे थाना प्रभारी कोतवाली श्री भोला सिंह राजपुत को टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जो मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ किया गया जो प्रकरण में चोरी गया मशरूका को चोरी करना स्वीकार कर घर से निकाल कर पेश करने पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया।विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्व विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली स्टाफ की सहरानीय भूमिका रही।

### 15 और 16 को होगा जनसमस्या शिवि र का आयोजन

रायपुर 14 मार्च। रायपुर नगर निगम द्वारा 15 और 16 मार्च को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निगम से सम्बंधित आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविर का आयोजन सभी दस जोनों के कार्यालयों में किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सम्बंधित जोनों के जनप्रतिनिधि तथा जोन के अधिकारी आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए मौजूद रहेंगे। शिविर में रायपुर नगर निगम द्वारा आम नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं जैसे पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती आदि कार्यो से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### अवैध निर्माण को संरक्षण देने वाले इंजीनियर पर आज तक कार्रवाई नहीं

**नगरी 14 मार्च।** नगर पंचायत में अवैध निर्माण को संरक्षण देने के दोषी वर्तमान इंजीनियर जनक लाल उईके पर आज तक कोई कार्य वाही नहीं होने से प्रशासन पर सवाल उठाया जा रहा है, ज्ञात हो कि नगर के बस स्टैंड स्थित





इंदरा प्रियदर्शनी काम्प्लेक्स नगर पंचायत परिसर में गोडाउन निर्माण एवं बजरंग चौक में यादव पान दुकान के निर्माण को जांच दल ने अवैधानिक करार दिया था इस अवैधानिक कार्य में तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी विजय सिंह क्षत्रिय, इंजिनियर जनक लाल उईके एवं 13.8.19 को उपस्थित परिषद के सभी सदस्यों को दोषी पाया है, जांच दल ने अपने निष्कर्ष में स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया है कि इनके द्वारा मनमाने ढंग से नियम विरुद्ध फैसला लेकर नगर पंचायत के स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध निर्माण करने की अनुमति देकर नगरपंचायत की राजस्व को क्षति पहुंचाने के आरोप में दोषी पाया है, इसके बावजूद भी राजनीतिक संरक्षण के चलते दोशियों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है, और इंजिनियर आज भी नगर पंचायत में पदस्थ है उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत पर जांच दल गठन कर जांच कराया था जांच में अवैध निर्माण की शिकायत को सही पाया गया है संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन दिनांक 21 11 2019 की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि नगर पंचायत नगरी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि पर नियम विरुद्ध अवैध रूप से निर्मित दुकान को तत्काल हटा कर विभाग को अवगत कराने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है इसके बावजूद भी आज तक इस जांच रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही नहीं होना इस बात को दर्शाता है कि भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी मजबूत है, जांच प्रतिवेदन में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को नियम विरुद्ध कार्यवाही कर निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचाने तथा व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का कार्य किए जाने पर उन्हें दोषी पाया गया है प्रतिवेदन में संयुक्त संचालक के द्वारा संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने एवं निर्माणधिन व निर्माण हो चुके दुकान को हटाने नगर पंचायत को अनुशंसा किया गया है, नगर पंचायत में पदस्थ अधिकारी वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों का भी अवहेलना कर रहे हैं,इस मामले को लेकर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी से बात करने पर इस मामले में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया, आप को बता दें कि नगर पंचायत के एक पूर्व सभापति ने अपने पद का दुरूपयोग कर राजनीतिक ताकत और उपर तक अपनी पंहुच के धौंस दिखाकर इस अवैधानिक कार्य को अंजाम दिया है नगर में चर्चा है कि इस अवैधानिक कार्य के लिए लाखों रुपए का लेनदेन कर इस अवैध निर्माण को मंजूरी दिया गया था, नगरवासियों ने इस प्रकरण में लिप्त सभी दोशियों पर अतिशीघ्र ही कड़ी कार्यवाही करने प्रशासन से मांग की है।

### मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर का निरीक्षण

## शहर में पेयजल आपूर्ति सामान्य बनाये रखने जल संसाधन विभाग को निगम का पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 मार्च।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव नागरिकों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करानें कटिबद्ध है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जल विभाग का अमला प्रतिदिन मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर का निरीक्षण कर रॉ वाटर एवं क्लीयर वाटर जॉच नल घर मोहारा लैब में किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से क्लोरिन, टोटल हार्डनेश, पानी के कलर की जॉच, क्लोराईड आदि की जॉच कर भारतीय मानक के अनुरूप पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि शिवनाथ नदी स्थित मोहारा एनीकट से पानी लेकर शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। वर्तमान स्थिति में एनीकट में पानी का लेबल 46 इंच कम हो गया था, तथा प्रतिदिन पानी का लेबल एक से डेढ इंच कम हो रहा है तथा मोहारा



पानी का लेबल 13.03.2023 की स्थिति में एनिकट से 46" नीचे

एनिकट में 30 मार्च 2023 तक के लिये पेयजल संग्रहण पर्याप्त है। परन्तु आगामी दिनों बढती गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग राजनांदगांव से मोगरा जलाशय से रॉ वॉटर लिये जाने सम्पर्क किया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा तकनीकि कारणों से मोगरा जलाशय से रॉ वाटर तत्काल दिये जाने असमर्थता व्यक्त की गयी। साथ ही उनके द्वारा यह कहा गया कि अगले मांग अनुसर रॉ वाटर प्रदान किया जायेगा, जिससे ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की आपूर्ति में कमी नहीं होगी।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि चुकि नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत गर्मी में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने मटियामोती जलाशय में 300 एम.सी.एफ.टी. पानी सुरक्षित रखा जाता है और वर्तमान में मोगरा जलाशय से रॉ वाटर नहीं मिल पा रहा है ऐसी स्थिति में मटियामोती जलाशय से रॉ वाटर दिनांक 20 मार्च 2023 से लिया जावेगा। ताकि रॉ वाटर 30 मार्च 2023 के पूर्व मोहारा एनीकट में संग्रहण किया जा सके। उन्होंने बताया कि मटियामोती जलाशय से मोहारा एनीकट तक रॉ वाटर पहुचने में लगभग 1 सप्ताह का समय लगता है, जिसके लिये नहर, नाली एवं कच्चे नाले की साफ सफाई का कार्य कल 14 मार्च 2023 से प्रारंभ किया जा रहा है और निगम सीमाक्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सामान्य बनाये रखने मटियामोती जलाशय में सुरक्षित रखे 300 एम.सी.एफ.टी. पानी में से दिनांक 20 मार्च 2023 से मोहारा एनीकट के लिये पानी छोडने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग जिला बालोद को पत्र प्रेषित किया गया है, ताकि शहर के नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराया जा सके। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में पानी का दुरूपयोग न करते हुये आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करने नागरिकों से अपील की है।

## संपादकीय

# आप सकारात्मक क्या कर रहे हो?

राजनीति में यह बताना जरूरी नहीं होता है कि आपका का विरोधी क्या कर रहा है, यह बताना जरूरी होता है कि आप सकारात्मक क्या कर रहे हो? अगर रोज यही बता रहे हैं कि सरकार क्या बुरा कर रही है, उसकी कौन सी नीति गलत है, इसका जनता पर उतना असर नहीं होता है जितना यह बताने से होता है कि सरकार की कौन सी नीति गलत है तो आप की सही नीति क्यो होगी, आप सरकार मे आएंगे को आप क्या करेंगे। जनता को मालूम रहता है कि सरकार क्या गलत कर रही है और क्या सही कर रही है. उसे बताने की जरूरत नहीं होती है फिर भी विपक्ष रोज बताता रहता है कि रोज ईडी छापे मार रहे हैं तो यह ईडी का दुरुपयोग है सरकार ईडी का उपयोग विपक्ष के खिलाफ कर रही है. विपक्ष को परेशान करने के लिए कर रही है। जनता मान लेगी लेकिन वह यह भी तो सोच सकती है कि सरकार को परेशान करना है तो वह विपक्ष के कुछ नेताओं को क्यों परेशान कर रही है,सभी नेताओं को क्यों परेशान नहीं कर रही है, तब जनता समझ जाती है कि विपक्ष के सभी नेताओं ने कुछ गलत नहीं किया है, कुछ नेताओं ने गलत किया है, इसलिए ईडी उनकी जांच कर रही है। जनता को वही अच्छा नहं लगता है जो विपक्ष बताता है, जनता को वह भी अच्छा लगता है जो पीएम मोदी बताते हैं, मंत्री बताते हैं, सरकार बताती है।अगले एक दो महीनों में फिर कर्नाटक में चुनाव होने हैं, इसके लिए दलों की तैयारी शुरू हो गई है, पीएम मोदी दो माह में छह बार कर्नाटक का दौरा कर चुके हैं। जबकि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विदेश घूम रहे हैं और वहां के लोगों को बता रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। कांग्रेस नेता चाहते हैं कि किस तरह पीएम मोदी राजनीति से हटे तो कांग्रेस को सत्ता में लौटने का मौका मिले। कांग्रेस जानती है कि पीएम मोदी के रहते उसका केंद्र की सत्ता में लौटना मुश्किल है। इसलिए जब वह नाराज होती है तो नारे लगाती है, मोदी तेरी कब्र खुदेगी। विपक्ष या कांग्रेस गलती करती है तो पीएम मोदी उसका पूरा फायदा उठाते हैं। गुजरात चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं ने कहा था पीएम मोदी को चुनाव मे उनकी औकात बता देंगे, पीएम मोदी तो सौ मुंह वाले रावण हैं। पीएम मोदी ने इसे गुजरात में खूब भुनाया। इसका खामियाजा कांग्रेस को ऐतिहासिक हार के रूप में भुगतना पड़ा। गुजरात में 27 साल बाद कांग्रेस बुरी तरह हारी। अपनी एक गलती के कारण हारी। कर्नाटक चुनाव के पहले कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने फिर मोदी तेरी कब्र खुदेगी नारे लगाकर बड़ी गलती की है, पीएम मोदी ने इसका फायदा पूर्वोत्तर में तो उठाया ही है, वह अब इसका फायदा कर्नाटक चुनाव में भी उठाना चाहते हैं।उन्होंने अपने कर्नाटक दौरे में कांग्रेस व भाजपा के अंतर को बताते हुए कहा है कि कांग्रेस मोदी की कब्र खोद रही है और हम राज्य की जनता के लिए एक्सप्रेस वे बना रहे हैं। हम जनता के लिए काम कर रहे हैं और कांग्रेस भाजपा व पीएम मोदी से जीत नहीं पा रही है तो पीएम मोदी के मरने की कामना कर रही है। हम सत्ता की नहीं सोचते हैं हम तो जनता के हित में काम करते हैं। हम तो चाहते हैं कि देश में ऐसे काम हों जिससे जनता को सुविधा हो। कांग्रेस को जनता से कोई मतलब नहीं है, वह तो चाहते हैं कि पीएम मोदी मर जाए तो उसे सत्ता में आने का मौका मिले।यह सच है कि पीएम मोदी का कार्यकाल में देश के कई राज्यों में एक्सप्रेस वे बने हैं, इससे कई राज्यों के लोगों को दूसरे राज्य जाने में अब पहले की तुलना कम समय लगता है। इससे लोगों के समय की बचत हो रही है,लोग जल्दी कहीं पहुंच रहे हैं,ईंधन की बचत हो रही है। माल ढुलाई की लागत कम हो रही है। इससे देश को करोड़ो रुपए बचत हो रही है। यह जनता के अनुभव में आता है, इसलिए मोदी सरकार जनता में ज्यादा लोकप्रिय होती जाती है। सरकार के काम से जनता को लाभ होता है तो वह सरकार को पसंत करती है तथा चाहती है कि वह आगे भी जनहित के ऐसे ही काम करे। इसके लिए वह भाजपा व पीएम मोदी को फिर से सत्ता में लाती है। अब पीएम मोदी व भाजपा का लक्ष्य कर्नाटक में फिर से सत्ता में लौटना है।यही वजह है कि पीएम मोदी दो माह छह बार कर्नाटक आ चुके हैं।वह जनता को बता रहे हैं कि भाजपा के कर्नाटक मे आने से राज्य को क्या फायदा हुआ है तथा जनता को क्या फायदा हुआ है। भाजपा फिर सत्ता में लौटी को राज्य को फायदा होगा तथा जनता को भी फायदा होगा। कांग्रेस के बड़े नेताओं का अभी कर्नाटक दौरा शुरू नहीं हुआ है और पीएम मोदी व शाह चुनाव प्रचार शुरू कर चुके हैं। वह जनता को बता रहे हैं कि डबल इंजन की सरकार से कितना फायदा हुआ है तथा डबल इंजन की सरकार बनी तो भविष्य में कितना फायदा ।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपके कार्यों में लचरता रहेगी। किसी भी निर्णय पर ज्यादा देर नहीं टिकेंगे। आप अपने ही गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कष्ट उठाएंगे। कार्यों में लापरवाही भी अधिक रहेगी। हर कार्य में शक करने के कारण परिवार अथवा कार्य क्षेत्र पर तनातनी हो सकती है। व्यवसाय विपरीत रहने से धन लाभ आज मुश्किल से ही हो पायेगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज के दिन खर्च विशेष रहेंगे लेकिन धन लाभ के अवसर भी मिलने से तालमेल बना रहेगा। कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलू कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी। मध्यान के समय धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे परन्तु आशा के अनुसार सफलता नहीं मिल पाएगी। घर में सजावट एवं बदलाव लाने के लिए समय एवं धन खर्च होगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपके पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर स्वास्थ्य अनुभव करेंगे। बड़े लोगो से व्यवहारिक ज्ञान मिलेगा। आज कुछ अलग करने का प्रयास करेंगे इसमें कुछ हद तक सफल भी रहेंगे परन्तु धन अथवा अन्य कारण से बाधा आएगी। सामाजिक कार्यों के प्रति रूचि लेने से प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बड़बोलेपन के कारण मान हानि हो सकती है संयमित व्यवहार करें।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आपका आज का दिन भी थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संबंधो में चाह कर भी मधुरता नहीं रख पाएंगे। परिजनों से बात-बात पर मतभेद बनेंगे। गलतफहमियां भी आज अधिक परेशान करेंगी। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से अधिक ध्यान देना पड़ेगा। आज आपके हिस्से का लाभ कोई अन्य व्यक्ति ले सकता है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज के दिन सेहत में थोड़ी गिरावट रह सकती है। परंतु बाकि सब कार्य एवं व्यवहार यथावत चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर थोड़े समय में ही अधिक लाभ मिल जाएगा। समय निकाल कर पर्यटन की योजना बनाएंगे। पौराणिक धार्मिक स्थलों की यात्रा हो सकती है। परिवार में भी आज भावनात्मकता अधिक रहने से एक दूसरे के विचारों की कद्र करेंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आपको आज का दिन मिश्रित फल देगा। दिन के पूर्वार्ध में पूर्व में बनाई योजनाये सही दिशा में आगे बढ़ेंगी परन्तु कुछ समय बाद किसी के विरोध अथवा अन्य कारणों से इनमे बदलाव करना पड़ेगा। आयवयवस्य कार्यों में विलम्ब होने से निराशा होगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आपका दिन आनंद से बीतेगा दिन के पूर्वार्ध में कार्य व्यवसाय बेहतर चलेगा इसमें व्यस्तता भी अधिक रहेगी मध्यान से पहले का समय घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करने में बीतेगा। आज विपरीत लिंगीय आकर्षण से बच कर रहे अन्यथा धन एवं मान हानि भी होगी। सन्तानो के ऊपर आज गर्व होगा। लेकिन आपके किसी गलत आचरण के कारण सम्मान को ठेस पहुच सकती है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आप किसी के बहकावे अथवा प्रलोभन में ना आये संवेदनशीलता अधिक रहने से आँख बंद करके किसी भी कार्य के लिए सहमति ना दें अन्यथा भारी हानि हो सकती है। पैतृक सम्पत्ति सम्बंधित मामले उलझने से पारिवारिक वातावरण बिगड़ेगा। सरकारी कार्य भेंट पूजा के बिना करना संभव नहीं रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढ, भे)**-आपका आज का दिन सामान्य से अधिक शुभ फल देने वाला रहेगा। सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुअवसर मिलेगा फिर भी इससे आर्थिक लाभ की आशा ना रखे सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। धन लाभ के लिए आज थोड़ा अधिक बौद्धिक एवं शारीरिक परिश्रम करना पड़ेगा। धार्मिक क्षेत्र की सहभागिता देंगे।

**मकर : (भो, जा, , खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपको सरकारी कार्यो से आकस्मिक लाभ होगा। पिता से संबंध बेहतर होने का लाभ मिलेगा। घर में मांगलिक कार्य के आयोजन की रूप रेखा बनेगी, इसके लिए अधिक व्यस्त रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी आशा के अनुरूप व्यवसाय होने से धन लाभ होगा। सुख के ऊपर फिजूल खर्च भी अधिक रहेंगे। घर में मेहमानों के आने से चहल-पहल रहेगी।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज के दिन आप लाभ-हानि की परवाह नहीं करेंगे। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आप भाग्यशाली माने जाएंगे। आपके अधिकांश कार्य सरलता से बनते चले जाएंगे। जायदाद सम्बंधित कार्यो को आज करना शुभ रहेगा। सरकार की तरफ से लाभदायक समाचार मिल सकता है। विदेश सम्बंधित कार्यो में भी सफलता सुनिश्चित रहेगी। धार्मिक क्षेत्र पर योगदान के लिए सम्मानित किए जाएंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आपका आज का दिन शारीरिक रूप से अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही आँखे में जलन अथवा अंगों में दर्द रहने से निष्क्रियता रहेगी। कार्यो में उत्साहहीनता रहने के कारण पूर्व निर्धारित योजनाएं टालनी पड़ सकती है। व्यवसायिक स्थल पर प्रतिस्पर्धा के कारण टकराव की स्थिति बनेगी। आज के दिन शालीनता से व्यवहार करना फायदेमंद रहेगा। अधिक क्रोध एवं ईर्ष्या की प्रवृति धन के साथ-साथ प्रियजनों से आपसी व्यवहार बिगाड़ेगी। भाग्योन्नति में बाधाएं आएंगी।

# गर्म होती पृथ्वी, संकट में अस्तित्व

**पर्यावरण**

**डॉ.सत्यवान सौरभ**



दुनिया भर में, गर्म दिन अधिक गर्म और लगातार हो रहे हैं। पिछले एक दशक में, दैनिक रिकॉर्ड उच्च तापमान महाद्वीपीय संयुक्त राज्य भर में रिकॉर्ड कम होने की तुलना में दोगुना हुआ है, जो 1950 के दशक में लगभग 1ः1 के अनुपात से अधिक है। गर्मी की लहरें अधिक आम होती जा रही हैं, और अमेरिका के पश्चिम में तीव्र गर्मी की लहरें अधिक होती हैं, हालांकि देश के कुछ हिस्सों में 1930 के दशक में अभी भी गर्मी की लहरों की संख्या का रिकॉर्ड है। भारत में, 10 सबसे गर्म वर्षों में से नौ पिछले 10 वर्षों में दर्ज किए गए हैं, और सभी 2005 के बाद से दर्ज किए गए हैं। पिछला साल रिकॉर्ड पर पांचवां सबसे गर्म वर्ष था। गर्मी की लहरों के कारण प्रेरित तनाव श्वसन और मृत्यु दर को बढ़ाता है, प्रजनन क्षमता को कम करता है, पशु व्यवहार को संशोधित करता है, और प्रतिरक्षा और अंतःस्त्रावी तंत्र को दबा देता है, जिससे कुछ बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। 1992 के बाद से, भारत में लू से संबंधित 34,000 से अधिक मौतें हुई हैं। यह विशेष रिपोर्ट हाल की कुछ रिपोर्ट में सामने आए कुछ चौंकाने वाले तथ्यों की ओर इशारा करती है। यह भारत में जलवायु परिवर्तन/गर्मी की लहर के तनाव से उत्पन्न होने वाली जमीनी पीड़ा को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी बात करता है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण रूप से कटौती नहीं की जाती है, तो सदी के मध्य तक दैनिक उच्च और निम्न तापमान अधिकांश क्षेत्रों में कम से कम 5 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ जाएगा, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ जाएगा। राष्ट्रीय जलवायु आकलन का अनुमान है कि मध्य-शताब्दी तक अधिकांश क्षेत्रों में 90 डिग्री फारेनहाइट से अधिक। उच्च आर्द्रता के साथ संयुक्त होने पर गर्म तरंगें अधिक खतरनाक होती हैं। तापमान और आर्द्रता के संयोजन को ताप सूचकांक द्वारा मापा जाता है। हाल ही के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 20वीं शताब्दी के अंत की तुलना में 100 डिग्री फारेनहाइट से ऊपर ताप सूचकांक वाले दिनों की वार्षिक संख्या दोगुनी हो जाएगी, और 105 डिग्री फारेनहाइट से ऊपर ताप सूचकांक वाले दिन देश भर में तिगुने हो जाएंगे। अत्यधिक गर्मी मौसम संबंधी मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, बीते दशकों में प्रति वर्ष औसतन अधिक लोगों की मौत हुई है, जो अन्य सभी प्रभावों (तूफान को छोड़कर) से अधिक है। 1980 के बाद से शीर्ष 10 सबसे घातक अमेरिकी आपदाओं में से छह के रूप में हीट वेव्स को सूचीबद्ध करता है।

अत्यधिक गर्मी अन्य प्रकार की आपदाओं के जोखिम को बढ़ा सकती है। गर्मी सूखे को बढ़ा सकती है, और गर्म, शुष्क परिस्थितियों बदले में जंगल की आग की स्थिति पैदा कर सकती हैं। इमारतें, सड़कें और बुनियादी ढाँचे गर्मी को अवशोषित करते हैं, जिससे तापमान बाहरी क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में 1 से 7 डिग्री स्न अधिक गर्म हो सकता है - एक घटना जिसे शहरी ताप द्वीप प्रभाव के रूप में जाना जाता है। यह प्रभाव दिन के दौरान सबसे अधिक तीव्र होता है, लेकिन बुनियादी ढांचे (या एक वायुमंडलीय ताप द्वीप) से रात में गर्मी की धीमी गति शहरों को आसपास के क्षेत्रों की तुलना में अधिक गर्म रख सकती है। देश भर में बढ़ता तापमान लोगों, पारिस्थितिक तंत्र और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा पैदा करता है। हीट स्ट्रेस इंसानों में तब होता है जब शरीर खुद को प्रभावी ढंग से ठंडा नहीं कर पाता है। आम तौर पर, शरीर पसीने के माध्यम से खुद को ठंडा कर सकता है, लेकिन जब नमी अधिक होती है, तो पसीना जल्दी से वाष्पित नहीं होगा, संभावित रूप से हीट स्ट्रोक हो सकता है। उच्च आर्द्रता और ऊंचा रात का तापमान गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु दर के प्रमुख कारक हैं। जब रात में गर्मी से कोई विराम नहीं मिलता है, तो यह असुविधा पैदा कर सकता है और स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिनके पास शीतलन तक पहुंच नहीं है, जो अक्सर कम आय वाले लोग होते हैं। अन्य समूह जो विशेष रूप से गर्मी के तनाव की चपेट में हैं, उनमें वृद्ध वयस्क, शिशु और बच्चे, पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोग और बाहरी कर्मचारी शामिल हैं।


गर्म दिन भी गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से जुड़े होते हैं, जिनमें हृदय और श्वसन संबंधी जटिलताएं और गुर्दे की बीमारी शामिल हैं। अत्यधिक तापमान में वायु की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। गर्म और धूप वाले दिन जमीनी स्तर के ओजोन के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं, एक हानिकारक प्रदूषक जो धुंध का मुख्य घटक है, जो श्वसन प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकता है और विशेष रूप से अस्थमा वाले लोगों के लिए हानिकारक है।

इसके अलावा, एयर कंडीशनिंग के अधिक उपयोग के लिए अधिक बिजली की आवश्यकता होती है, जो बिजली के स्रोत के आधार पर, अन्य प्रकार के प्रदूषणों का उत्सर्जन करता है, जिसमें कण भी शामिल हैं जो वायु की गुणवत्ता पर भी प्रभाव डालते हैं। ओजोन और पार्टिकुलेट मैटर में ये वृद्धि लोगों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकती है, विशेष रूप से वही कमजोर समूह जो ऊपर उल्लिखित गर्मी से सीधे प्रभावित होते हैं। उच्च तापमान कृषि के लिए हानिकारक हो सकता है। पौधों की वृद्धि दिन के उच्च तापमान से नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है और कुछ फसलों को रात के ठंडे तापमान की आवश्यकता होती है। गर्मी की लहरें पशुओं को गर्मी के तनाव का अनुभव करने की संभावना भी बढ़ जाती हैं, खासकर जब रात के समय तापमान अधिक रहता है और जानवर ठंडा नहीं हो पाते हैं। गर्मी से तनावग्रस्त मवेशी दूध उत्पादन में गिरावट, धीमी वृद्धि और कम गर्भाधान दर का अनुभव कर सकते हैं। गर्मी की लहरें सूखे और जंगल की आग को बढ़ा सकती हैं, जिससे कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, पिछले सालों में पशुपालकों को चारे की कमी के कारण अपना स्टॉक बेचना पड़ा। गर्म तापमान उत्पादन, संचरण और मांग सहित अमेरिकी ऊर्जा प्रणाली के कई पहलुओं को प्रभावित करता है। जबकि उच्च गर्मी के तापमान में शीतलन के लिए बिजली की मांग में वृद्धि होती है, साथ ही, वे बिजली ले जाने के लिए संचरण लाइनों की क्षमता को कम कर सकते हैं, संभवतः बिजली की विश्वसनीयता के मुद्दों जैसे गर्मी की लहरों के दौरान रोलिंग ब्लैकआउट का कारण बन सकते हैं। हालांकि गर्म सर्दियां हीटिंग की आवश्यकता को कम कर देंगी, लेकिन मॉडलिंग से पता चलता है कि गर्म भविष्य में कुल ऊर्जा उपयोग में वृद्धि होगी। इसके अलावा, जैसे-जैसे नदियाँ और झीलें गर्म होती हैं, बिजली संयंत्रों से अपशिष्ट ऊष्मा को अवशोषित करने की उनकी क्षमता घटती जाती है। यह बिजली उत्पादन की तापीय क्षमता को कम कर सकता है, जिससे बिजली संयंत्रों के लिए उनके ठंडे पानी के तापमान के संबंध में पर्यावरणीय नियमों का पालन करना मुश्किल हो जाता है, और संयंत्र बंद हो सकते हैं। अत्यधिक गर्मी के लिए लचीलापन बनाने के लिए कमजोर आबादी की पहचान करना और सभी निवासियों को ध्यान में रखते हुए गर्मी की तैयारी की योजना बनाना, जिसमें अत्यधिक गर्मी की अवधि के दौरान कूलिंग सेंटर खोलने और कार्यस्थल के ताप तनाव मानकों को अपनाने जैसे कदम शामिल हो सकते हैं। शहरी ताप द्वीप प्रभाव को कम करने के लिए ठंडी और हरी छतें और ठंडे फुटपाथ स्थापित करना, छाया प्रदान करने के लिए पेड़ लगाना और वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से हवा को ठंडा करना, बिजली ग्रिड पर मांग को कम करने के लिए ऊर्जा दक्षता का पीछा करना, विशेष रूप से गर्मी की लहरों के दौरान कारगर सिद्ध हो सकता है।

# बुढ़ापे में स्मृतिलोप का अंधेरा परिव्याप्त होने की आशंका

**स्वास्थ्य**

**ललित गर्ग**



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सहित दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए शोध में यह बताया गया है कि आने वाले वक्त में भारत में साठ साल या उससे ज्यादा उम्र के एक करोड़ से भी अधिक लोगों के डिमेंशिया यानी स्मृतिलोप की चपेट में आने की आशंका है। घोर उपेक्षा एवं व्यवस्थित देखभाल के अभाव में बुजुर्गों में यह बीमारी तेजी से पनप रही है। भारत का बुढ़ापा एवं उम्रदराज लोगों का जीवन किस कदर परेशानियों एवं बीमारियों से घिरता जा रहा है, उससे ऐसा प्रतीत होने लगा है कि उम्र का यह पड़ाव अभिशाप से कम नहीं है। एक आदर्श एवं संतुलित समाज व्यवस्था के लिये अपेक्षित है कि वृद्धों के प्रति स्वस्थ व सकारात्मक भाव व दृष्टिकोण रखे और उन्हें वेदना, कष्ट व संताप से सुरक्षित रखने हेतु सार्थक पहल करे ताकि वे स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार न हो जाएं। वास्तव में भारतीय संस्कृति तो बुजुर्गों को सदैव सिर-आँखों पर बिठाने और सम्मानित करने की सीख देती आई है।

जर्मन नेचर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी कलेक्शन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक सन 2050 तक भारत की कुल आबादी में साठ साल से ज्यादा उम्र वालों की तादाद करीब उन्नीस फीसद होगी। अगर एक करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग स्मृतिलोप जैसी समस्या के शिकार हो जाएं, तो व्यापक पैमाने पर उनका सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन किस तरह की त्रासदी का शिकार होगा, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। यह शोध बुढ़ापे में एक और अंधेरा परिव्याप्त होने की विडम्बना को दर्शा रहा है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर उनमें स्मृतिलोप जैसी बीमारियों हावी होने लगेगी तो वृद्धावस्था अधिक दर्दभरा हो जायेगा। वैसे ही परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों का ध्यान नहीं रखते, उनकी घोर उपेक्षा करते या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाते है, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। इसीलिए तो मनुस्मृति में कहा गया है कि-÷जब मनुष्य यह देखे कि उसके शरीर की त्वचा शिथिल या ढीली पड़ गई है, बाल पक गए हैं, पुत्र के भी पुत्र हो गए हैं, तब उसे सांसारिक सुखों को छोड़कर वन का आश्रय ले लेना चाहिए, क्योंकि वहीं वह अपने को मोक्ष-प्राप्ति के लिए तैयार कर सकता है।÷

आधुनिक जीवन की विडम्बना है कि इसमें वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, उसकी आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। आमतौर पर लगभग सभी समाजों में बुजुर्गों के जीवन को आसान बनाने और उनका खयाल रखने के लिए सरकारों को विशेष योजनाएं बनानी पड़ती हैं, संस्कारी एवं जिम्मेदार परिवारों में अलग से उपाय किए जाते हैं। लेकिन यह भी सच है कि वृद्धावस्था में पहुंचे बहुत सारे लोगों को कई बार अपनों के हाथों भी उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उस स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, जिसमें बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझते बुजुर्ग स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार होंगे तो उनका जीवन कितना जटिल हो जाएगा। जरूरत है कि हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें।

आज के आधुनिक परिवारों में एक सामान्य एवं स्वस्थ वृद्ध के प्रति जैसी उदासीनता एवं संवेदनहीनता देखने को मिलती है, वृद्धावस्था को बोझ की तरह देखने वाले परिवार इस स्मृतिलोप की समस्या से घिर जाने वाले अपने ही बुजुर्ग सदस्य के प्रति कैसा व्यवहार करेंगे, सोचकर ही सिहरन होती है। जबकि परिवार या उसके सदस्यों का सकारात्मक और संवेदनशील रवैया स्मृतिलोप की मुश्किल से घिरे किसी वृद्ध व्यक्ति के भीतर जीवन का संचार कर दे सकता है। मगर व्यवहार के स्तर पर संवेदनशीलता या फिर प्रशिक्षण के अभाव की व्यापक सामाजिक समस्या की वजह से बुजुर्गों का जीवन अपने आखिरी दौर में और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। हकीकत तो यह है कि वर्तमान पीढ़ी अपने आप में इतनी मस्त-व्यस्त है कि उसे वृद्धों की ओर ध्यान केन्द्रित करने की फुरसत ही नहीं है। आज परिवार के वृद्धों से कोई वार्तालाप करना, उनकी भावनाओं की कद्र करना, उनकी सुनना, कोई पसन्द ही नहीं करता है. जब वे उच्छृखल, उन्मुक्त, स्वछंद, आधुनिक व प्रगतिशील युवाओं को दिशा-निर्देशित करते हैं, टोकते हैं तो प्रत्युत्तर में उन्हें अवमानना, लताड़ और कटु शब्द भी सुनने पड़ जाते हैं।

जटिल से जटिलतर होते वृद्धावस्था में स्मृतिलोप की समस्या से घिरे बुजुर्ग का जीवन नारकीय होने वाला है। वे अपने ही लोगों के बीच उपहास का पात्र बनेंगे। क्योंकि स्मृतिलोप से ग्रस्त बुजुर्गों में भूलने की समस्या पैदा हो जाती है। इससे गंभीर रूप से परेशान वृद्ध के लिए सामने खड़े व्यक्ति को पहचान पाना, दवा में भूल करना, किसी चीज को याद रखना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों में बुजुर्गों के प्रति पर्याप्त सम्मान, दर्द, प्यार और संवेदनशीलता बरत पाने वाले लोग होते हैं, उनमें ज्यादा उम्र की अशक्तता के बावजूद किसी वृद्ध व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। वृद्ध समाज कुंठित एवं उपेक्षित है। अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वह सर्वाधिक दुःखी रहता है। वृद्ध समाज को स्मृतिलोप के दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रयासरत है और वृद्ध कल्याण एवं सुखी जीवन-निर्वाह की योजनाएं लागू कर रहे हैं।

यह सच्चाई है कि एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है, यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है, जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। जबकि ऐसे बुजुर्गों के शरीर की सीमा और क्षमता का ध्यान रखते हुए उन्हें हर तरह से आश्वस्त करना एक अनिवार्य मानवीय पहलू है। सच यह भी है कि स्मृति लोप जैसी समस्या के स्रोतों की पहचान, बेहतर खानपान के साथ-साथ शरीर और मन-मस्तिष्क की सक्रियता या व्यायाम आदि के सहारे वृद्धों को स्वस्थ जीवन देने का प्रयास होना चाहिए। अगर ऐसी स्थितियां निर्मित की जाएं, जिसमें बुजुर्गों की रोजमर्रा की जिंदगी को खुश और सेहतमंद बनाए रखने के इंतजाम हों, तो उन्हें न केवल स्मृतिलोप जैसी कठिनाइयों से बचाया जा सकेगा, बल्कि उनके लंबे जीवन-अनुभवों का लाभ भी समाज और देश को मिल सकेगा।

# चार नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय की मिली सौगात

**सुनील त्रिपाठी**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल का पांचवां बजट पेश किया है। प्रदेश के सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखकर इस बजट को तैयार किया गया है। बजट में युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक सभी के लिए विशेष प्रावधान किया है। स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए भी मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों की संख्या को बढ़ाने के साथ कुछ चयनित महाविद्यालयों में भी आगामी सत्र से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण शुरू करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शोध कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य रिसर्च फेलोशिप योजना प्रारंभ की गई है।बजट के माध्यम से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम से ही उच्च शिक्षा निरंतर रखने की सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से शिक्षा सत्र 2023-24 से प्रदेश के चयनित महाविद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में 101 नए आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय खोलने की भी घोषणा की गई है।स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तर्ज पर महासमुंद, कोरबा, बिलासपुर और रायगढ़ जिले में अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के लिए नए सेटअप और प्रति भवन 12 करोड़ की लागत से 4 महाविद्यालय भवन निर्माण किया जाएगा। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बस्तर और अंबिकापुर में पूर्व से स्वीकृत महाविद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित करते हुए कुल 10 जिलों में अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में देश-विदेश से अध्ययन के लिए आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नवा रायपुर, अटल नगर में ऑफ कैम्पस सेंटर की स्थापना की जाएगी। साथ ही 4 संभागीय मुख्यालयों पर संगीत महाविद्यालय और 6 कन्या महाविद्यालय सहित इस वर्ष कुल 23 नवीन महाविद्यालयों की स्थापना की जाएगी। राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को शोध कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य रिसर्च फेलोशिप योजना प्रारंभ की गई।

**लेखक सहायक संचालक हैं**

# रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय खेल अकादमी की मिली सौगात

**सुनील त्रिपाठी, सहायक संचालक**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 06 मार्च को अपने कार्यकाल का पांचवा बजट प्रस्तुत किया गया। बजट में विद्यार्थियों से लेकर खिलाड़ियों तक सभी का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसमें मिनी स्टेडियम का निर्माण, महिला खेलकूद को प्रोत्साहन एवं विभिन्न खेल अकादमी की स्थापना का प्रावधान किया गया है। राज्य में पारंपरिक खेलों के बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम स्तरीय खेल प्रतियोगिता से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं के आयोजन के साथ-साथ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है। इस बजट में राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल यथा एडवेंचर स्पोर्ट्स, हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, एथलेटिक्स जैसे खेल अकादमी की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसी तरह शहीद गुंडाधुर तीरंदाजी एवं कायाकिंग व केनोइंग खेल अकादमी की भी स्थापना की जाएगी। तीरंदाजी को राजकीय खेल के तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए बस्तर और रायपुर में तीरंदाजी खेल अकादमी की स्थापना की जाएगी। नारायणपुर में मलखम्ब अकादमी और रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खेल अकादमी की स्थापना का प्रावधान किया गया है। बस्तर जिले में एडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना और कुनकुरी के ग्राम सलियाटोली विकासखण्ड में एडवेंचर स्पोर्ट्स सुविधाओं के विकास के लिए नवीन मद में 3 करोड़ 70 लाख की घोषणा की गई है। प्रदेश के परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन की शुरूआत की गई है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्ग के महिला एवं पुरूषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफल आयोजन से इन खेलों के प्रति स्थानीय लोगों के रूझान और उत्साह को देखते हुए आगामी वर्ष में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के भव्य आयोजन के लिए इस बजट में 25 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री द्वारा बजट में राजीव युवा मितान क्लब के लिए 100 करोड़ रूपए तथा राजीव युवा महोत्सव के आयोजन हेतु 08 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

# सेहत: पैर की मोच बढ़ा सकती हैं आपकी तकलीफ, आराम पाने के लिए आजमाए ये उपाय

चलते-चलते पैर के अचानक मुड़ जाने, दौड़ते वक्त पैर ट्विस्ट हो जाने या फिर गिरने की वजह से कई बार हमारे पैर में मोच आ जाती है। यह एक सामान्य परेशानी हैं लेकिन इसके बढ़ने पर हड्डी टूटने का डर भी बना रहता हैं। पैरों में मोच आने के बाद किसी भी व्यक्ति को चलने, उठने-बैठने यहां तक की बिस्तर पर आराम से लेटने में भी परेशानी होती है। यह आपको असहाय बना सकती हैं और दर्द से परेशान भी करती हैं। कई लोग इसके दर्द से राहत पाने के लिए पेन किलर का सेवन करने लगते हैं। लेकिन आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से पैर की मोच का दर्द कम करते हुए सूजन को दूर किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

**बर्फ लगाएं**-मोच आने के तुरंत बाद बर्फ से सिकाई करनी चाहिए। पैर में मोच की समस्या में कई बार सूजन और दर्द भी होता है, ऐसे में बर्फ लगाने से आराम मिलता है। पैर में मोच आने पर हर 2 से 3 घंटे पर बर्फ से सिकाई करें। आप चाहें तो बाजार में मिलने वाले आइस क्यूब या बर्फ के टुकड़ों को कपड़े में लपेटकर इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सेब का सिरका**-सेब के सिरके को मांसपेशियों में अकड़न और लेग क्रैम्प्स का इलाज करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें सूजनरोधी और एल्कलाइज़िंग के गुण मौजूद होते हैं जो सूजन और दर्द को दूर करते हैं। दो कप सेब के सिरके को बाथटब या बाल्टी में डाल दें। फिर उसमे गर्म पानी मिलाएं। अब उस पानी से आधे घंटे तक नहाएं या उसमे प्रभावित क्षेत्र को डुबोकर रखें। इस प्रक्रिया को कुछ दिनों तक पूरे दिन में एक बार ज़रूर दोहराएं।

**लौंग का तेल**-दांतों में सड़न, दर्द की समस्या से राहत पाने के लिए अक्सर लौंग का तेल लगाने की सलाह दी जाती है। लौंग के तेल में मौजूद पोषक तत्व पैरों की चोट को ठीक करने में भी मददगार साबित होते हैं। मोच वाले हिस्से में लौंग के तेल से मालिश करने से सूजन और दर्द से राहत मिलती है। पैरों की मोच से राहत पाने के लिए आप दिन में दो बार लौंग के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## एक नजर

### तीन शासकीय राशन दुकानों को किया गया निरस्त

**गरियाबंद, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के राजिम अनुविभाग अंतर्गत गनियारी, तरीघाट और खैरझिटी के शासकीय उचित मूल्य की दुकान को निरस्त कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजिम सुश्री पूजा बंसल ने छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश तहत उक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया है। ज्ञात हो कि गायत्री महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान गनियारी द्वारा प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण निर्धारित समय/निर्धारित माह के 05 तारीख तक डी.डी. की राशि जमा नहीं करने पर उक्त दुकान को निलंबित कर निरस्तीकरण हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उक्त संस्था को अपना पक्ष रखने का समुचित अवसर प्रदान किये जाने के उपरांत भी संस्था द्वारा किसी प्रकार का जवाब/पत्र अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसी तरह जागृति महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान तरीघाट के संचालन में अनियमितता पाये जाने तथा ग्राम पंचायत खैरझिटी द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान खैरझिटी का संचालन किये जाने में असमर्थता व्यक्त किये जाने एवं उक्त दुकान अन्य संस्था को दिये जाने के संबंध में त्याग पत्र प्रस्तुत किये जाने के कारण निरस्त किया गया है।

### स्तरहीन निर्माण से रपटा टूटा, 15 साल से ग्रामीण परेशान



**गरियाबंद, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कासरबाय- हरदी के मध्य बने प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनाए गए स्तर हिन रपटा के मात्र 2 वर्ष में ही टूट जाने के चलते आज 15 सालों से गांव 10 गांव के लगभग 10 हजार से अधिक आबादी परेशानियों के चलते हुए लगभग 10 किलोमीटर का सफर अधिक तय कर गरियाबंद पहुंच रहे हैं जिसके चलते ग्रामीणों में काफी नाराजगी है । इस पुल को पार करते हुए कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अब चुनाव में ही हम अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बहराबुड़ा से तक 7 क.मी. सड़क मार्ग करोड़ों की लागत से निर्माण किया गया था जिसके अंतर्गत इस नदी पर रपटा का भी निर्माण किया गया था किंतु घटिया सामग्री के उपयोग के चलते यह रपटा मात्र 2 साल मे पानी में बह गया जिसके बाद आज 15 सालों से ग्रामीण जन इस टुटे रपटे मजबूरी में झेल रहे हैं अक्सर वर्षा ऋतु यहां पर अनेक घटनाएं घटती है जिसके चलते लोग कई बार घायल हो चुके हैं अस्पताल तक पहुंचना पड़ा है जिसके चलते यहां के लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं इस रपटे के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विधायक, संसद व मुख्यमंत्री तक से मांग कर चुके हैं किंतु अब तक यहाँ पुल बनकर तैयार नहीं हो पाया है।

# तहसीलदार को हटाने अधिवक्ताओं ने किया पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 13 मार्च।** पदस्थ तहसीलदार को राजिम से हटाने अधिवक्ता संघ ने कमर कस ली है जिसके चलते आज जिला प्रशासन का पुतला दहन पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में दोपहर 12ः00 किया गया है। अधिवक्ता संघ राजिम द्वारा जिला प्रशासन का पुतला दहन करने हेतु तहसील परिसर से 11ः00 रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए राजिम के हृदय स्थल सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंचे जहां पर पुलिस सुरक्षा हेतु तैनात थे लेकिन अधिवक्ताओं की आक्रोशित एवं नारेबाजी के चलते पुलिस भी पुतला दहन करने से नहीं रोक पाई और अधिवक्ता संघ द्वारा जिला प्रशासन का दो पुतला तैयार किया था जिसे दोपहर 12ः00 नारेबाजी करते हुए बारी बारी से जला दिए उस समय अधिवक्ताओं के समर्थन में कई संघ संगठन संस्था व किसान भी उपस्थित थे जहां पर जिला प्रशासन एवं तहसीलदार राजीव के विरुद्ध नारे बाजी किया गया अधिवक्ता गण बहुत ही आक्रोशित एवं गुस्से में दिखाई दे रहे थे अधिवक्ता गण के साथ लालचंद मेघवानी पवन गुप्ता राकेश गुप्ता एवं किसान नेता संजीव चंद्राकर लाला साहू नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सोनकर आप पार्टी के नेता राजा ठाकुर राकांपा के नेता हरीश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा सहित के किसान उपस्थित थे। तहसीलदार राजिम द्वारा किसानों एवं अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार होने के कारण अधिवक्ता संघ 22 फरवरी से आंदोलनरत है एवं अधिवक्ता गण राजस्व न्यायालय में पैरवी भी नहीं कर रहे हैं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेश यादव का कहना है कि तहसीलदार के कार्यशैली एवं दुर्व्यवहार से किसान पक्षकार अधिवक्ता गण पीड़ित है जिस के संबंध में पूर्व में जिलाधीश महोदय को विस्तृत से जानकारी दे दिया गए हैं जिसके बाद भी तहसीलदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिसके कारण अधिवक्ता संघ तहसीलदार के खिलाफ आंदोलनरत है जब तक तहसीलदार को राजिम से स्थानांतरित नहीं किया जाता है तब तक आंदोलनरत रहेंगे एवं आगे और उग्र कदम उठाएंगे अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष हिमांशु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे आज जिला प्रशासन के विरुद्ध पुतला दहन किया गया कल मंगलवार को तहसील परिसर में 11ः00 सद्बुद्धि यज्ञ किया जाएगा जिसमें सभी अधिवक्ता के साथ आम नागरिक किसान उपस्थित रहेंगे आज पुतला दहन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेश यादव उपाध्यक्ष हिमांशु दुबे सचिव अनुशासन साहू सहित रमाकांत दीवान संतोष पुरी गोस्वामी आनंद ठाकुर अरविंद शर्मा महेंद्र सोनी डीआर साहू कमल नारायण साहू दानेश्वर सिंह ठाकुर भरत लाल साहू भुनेश्वर गोस्वामी नेमीचंद साहू मुरारी साहू जीवन यदु ज्ञानेंद्र सूरज साहू लोकेश साहू सहितबड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे इसके अलावा व्यापारी संघ से लालचंद मेघवानी , पवन गुप्ता , संतोष साहू , राकेश गुप्ता , नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर , किसान सेवा समिति से भागवत साहू , चोवाराम साहू , सामाजिक नेता लाला साहू , किसान नेता संजीव चंद्राकर , पुनाराम सोनकर , सुकदेव निषाद , भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा , आकाश ठाकुर , आप नेता राजा ठाकुर , छ ज का नेता हरीश साहू महामाया प्रबंध समिति से राजू साहू , पवन सोनी , फागु निषाद सहित बड़ी संख्या में किसान , मजदूर , तथा प्रकरण के पक्षकार गण उपस्थित थे ।

## समाचार संक्षेप

### पशु तस्करी में शामिल 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुकमा, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा में श्री सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री किरण चव्हाण एवं श्री ओम प्रकाश चंदेल अति. पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के मार्गदर्शन व श्री परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के पर्यवेक्षण में पशु तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 13.03.2023 को थाना केरलापाल से निरीक्षक श्री मनीष मिश्रा थाना प्रभारी केरलापाल के हमराह स्टाफ राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 30 में थाना केरलापाल के सामने मोबाईल चेक पोस्ट की कार्यवाही के दौरान सुकमा की ओर से आ रहे आईसर वाहन क्रमांक टी. एस. 05 यू.सी. 3663 एवं योद्धा पीकअप वाहन क्रमांक टी.एस. 26 टी. 9692 वाहनों को रोक कर चेक किया गया। दोनों वाहनों के चालकों से पुछताछ किया गया जो दोनो वाहनों में भैंस व बैल होना बताये गये। जिसकी तस्दीक हेतु गवाहों के समक्ष आईसर वाहन क्रमांक टी.एस. 05 यू.सी. 3663 में 12 नग भैंस कीमत 300000.00 रूपये और योद्धा पीकअप वाहन क्रमांक टी. एस. 26 टी. 9692 में 06 नग बैल कीमत 60000.00 रुपये कुल 360000. 100 रूपये कीमती मशीओं को बरामद गया। पुछताछ में चालाकों द्वारा जगदलपुर के ग्राम पामेला के आस-पास के ग्रामों के कृषकों से खरीदकर जगदलपुर से हैदराबाद ले जाना स्वीकार किया गया। खरीदकर लाये जाने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया कोई आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। बरामद मवेशीओं कोमुलाहिजा पश्चात गौठान गौ सेवा समिति सुकमा को अस्थाई रूप से सुपूर्द किया गया। उक्त कृत्य विधि के विरूद्ध पाये जाने से आरोपियों क्रमशः 01 नागन बाईन रमेश पिता विरन्ना उम्र 36 वर्ष निवासी सुदेनपल्ली थाना मण्डल कुरव जिला महुआबाद (तेलंगाना) 02. टी विनोद पिता बोड़िया उम्र 20 निवासी अनवेरलागुडम थाना मण्डल कुरवी जिला महुआबाद (तेलंगाना) 03. साईकुमार पिता कन्ना उम्र 20 वर्ष निवासी थाना मण्डल कुरवी जिला महुआबाद (तेलंगाना) एवं 04. बदावत साई पिता बदावत किशन निवासी लिग्या सण्डा थाना मण्डल कुरवी जिला महुआबाद (तेलंगाना) के विरुद्ध थाना केरलापाल में 01/2023 धारा 11(घ) (ड) (च), 4, 6, 10 छ0ग0 कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम एवं 47 ( 1 ) (2) (3), 48, 49,50 छ0ग0 पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुये दिनांक 13.03.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिला गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनिष मिश्रा थाना प्रभारी केरलापाल से सउनि बुधरूराम मरकाम,वौरसिंह ठाकु, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र राव, मुकेश वर्मा आरक्षक परमेश्वर माण्डले का विशेष योगदान रहा ।

### उत्कर्ष योजना अन्तर्गत 6वीं की चयन परीक्षा आयोजित

**सुकमा, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अन्तर्गत राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 12 मार्च 2023 को परीक्षा केन्द्र एकलव्य आवासीय विद्यालय सुकमा में आयोजित किया गया। प्राक्चयन परीक्षा के आयोजन में खण्ड शिक्षा अधिकारी सह नोडल अधिकारी श्री सुखराम देवांगन, एकलव्य आदर्श विद्यालय के प्राचार्य सह केन्द्राध्यक्ष श्री दिपेन्द्र देवांगन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री गणेश सोरी द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।परीक्षा उपरान्त मेरिट सूची सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर 15 मार्च तक कार्यालय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# होली मिलन समारोह में साहू समाज के लोगों ने एक दूसरे को दी शुभकामनाएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,14 मार्च।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ।होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू विशेष अतिथि समिति के संरक्षक रामूराम साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज एक बड़ा समाज है और छत्तीसगढ़ में लगभग60 लाख हमारी आबादी है छत्तीसगढ़ की आबादी का 25त्न जनसंख्या हमारे समाज का है हमें इस बात का गर्व होना चाहिए । समाज को रोटी बेटी के फैसले तक ही सीमित नहीं रहना है समाज के द्वारा हमेशा रचनात्मक कार्य किया जाना चाहिए। सार्वजनिक हित के कार्यों को आगे बढ़कर करना होगा सर्व समाज के हित एवं मान सम्मान की रक्षा के खातिर साहू समाज को आगे आना होगा ।जन कल्याणकारी कार्य जैसे पर्यावरण के क्षेत्र में समाज को आगे आना होगा स्वयं वृक्ष लगाकर लोगों को वृक्ष लगाने लगाने के लिए प्रेरित करना होगा। वृक्ष लगाने से गांव-गांव में हरियाली आएगी और हमारे आसपास के पर्यावरण भी अच्छा रहेगा ।और पर्यावरण अच्छा रहेगा तो लोग स्वस्थ रहेंगे मस्त रहेंगे । रचनात्मक कार्य के माध्यम से जनकल्याण कारी कार्यों को भी हमें अपने समाज के एजेंडे में रखना होगा। समिति के संरक्षक रामुराम साहू ने कहा कि हमारे समाज का गौरवशाली इतिहास एवं परंपरा रहा है ।हमारे समाज के बहुत से विभूतियों ने सर्व समाज के कल्याण के खातिर अपना जीवन तन मन धन समर्पित किये है। आगे भी हम सबको मिलकर सर्व समाज के हित एवम कल्याण के खातिर कार्य करना होगा सामाजिक समरसता की भावना का मिसाल पेश करना होगा। जिस प्रकार राजिम मांघी पुन्नी मेला में समिति के अध्यक्ष लाला साहू के नेतृत्व में सर्व समाज के सहयोग से राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किया जो कि सराहनीय कार्य है । हमें आपस में मिलजुलकर आपसी मतभेद को बुलाकर समाज के विकास एवं उत्थान में कार्य करना है समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने होली मिलन समारोह में उपस्थित समाज के सभी प्रमुख जनों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब के सहयोग एवं मार्गदर्शन से समिति के द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए सतत कार्य किया जा रहा है और आगे भी हम सब मिलकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे । होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं समिति के संरक्षक भुनेश्वर साहू संरक्षक रामूराम साहू समिति के अध्यक्ष लाला साहू कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू डॉ गंगाराम साहू उमा साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महामंत्री रामकुमार श्याम साहू साहू महासचिव मिंजून साहू लोकनाथ साहू डॉ लीला राम साहू विशेष आमंत्रित सदस्य बालाराम साहू मनीराम साहू जनपद सदस्य घनश्याम साहू चोवाराम साहू नंदू साहू संगठन मंत्री विष्णु साहू नारायण साहू गजानंद साहू संयुक्त सचिव राजू साहू टीकम साहू चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ ओंकार साहू डॉ तोशन साहू महिला प्रकोष्ठ के सह संयोजिका राधा साहू रेखा साहू किसान प्रकोष्ठ के सह संयोजक सरपंच ओम प्रकाश साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री जीवन साहू फलेंद्र साहू संयोजक ओंकार साहू इंजीनियर होरीलाल साहू प्रीतम साहू शुभम साहू अमित साहू शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक पूरन लाल साहू नगर साहू संघ अध्यक्ष भवानी शंकर साहू वरिष्ठ समाजसेवी नंदकुमार साहू छन्नू साहू महेश साहू दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू साहित्य कार मकसूदन बरीवाला एवं परमानंद फाग मंडली के प्रमुख सदस्य तुला राम साहू सुखदेव साहू जगन्नाथ पटेल कुंज बिहारी ईश्वरी साहू आशीष साहू आदि उपस्थित थे।

### सशिमं में एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआ विद्यालय के व्यवस्थापक भूपेन्द्र राठौर, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं प्रधानाचार्य कृष्णा चन्द्राकर द्वारा माँ सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर तिलक, पुष्प अर्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर की गई।इस वर्ग में प्रथम कालांश में प्रार्थना अभ्यास, द्वितीय कालांश में गणित शिक्षण पर शोध, तृतीय कालांश में अंग्रेती संभाषण, चतुर्थ कालांश में शिशु वाटिका में अध्यापन कार्य, पंचम कालांश में बालिका शिक्षा के उद्देश्य, षष्ठ कालांश में कम्प्यूटर शिक्षा की प्रारंभिक जानकारी दी।

# कौन साथ देता है उम्र भर जमाने में उम्र सारी गुजर गई रूठने-मनाने में

■ होली मिलन पर कवियों ने खूब जमाया रंग



**राजिम,14 मार्च।** स्थानीय त्रिवेणी साहित्य संगम समिति राजिम नवापारा के तत्वधान में यादव धर्मशाला राजिम में गत दिवस होली मिलन कार्यक्रम के तहत अंचल के नवोदित कवि एवं कवित्रीयों को मंच प्रदान करते हुए हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के कई नवोदित कवि गण शामिल हुएद्य त्रिवेणी संगम समिति के इस आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल की वरिष्ठ कवित्री केवरा यदु एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार मकसूदन राम साहू बरीवाला , विशिष्ट अतिथि मोहनलाल साहू मानिकपन साहित्यकार कवि नूतन साहू की विशेष अतिथि में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ द्य कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की वंदना सुमधुर गीत के माध्यम से तुषार शर्मा नादान ने प्रारंभ करते हुए जबरदस्त फाग गीत गाकर माहौल बना दिया द्यअंचल से आए चंपारण के कवि अभिषेक वैष्णव ने शानदार रचना पढ़कर माहौल को जबरदस्त रंग में रंग दियाद्य चंपारण से आए ताम्रध्वज साहू ने समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जबरदस्त कडा प्रहार करते हुए दर्शकों को ताली बजाने के लिए मजबूर किए द्यबड़ी करेली से आए मनोज कुमार साहू ने शानदार अंदाज में अपने गीत के माध्यम से शमा बांधे स्थानीय नयापारा की सुमधुर गायिका माधुरी भट्ट ने होली पर शानदार गीत, कविता के माध्यम से लोगों को झूमने पर विवश कर दियाद्य रोहित साहू माधुर्य ने ने जोरदार भक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम को ऊंचाई तक ले गए अंचल के वरिष्ठ गीतकार कवि किशोर निर्मलकर ने अपने चिर परिचित अंदाज में गजल ,कौन साथ देता है उम्र भर जमाने में,उम्र सारी गुजर गई रूठने मनाने में, सुना कर कार्यक्रम में समा बांध दियाद्य वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण कुमार साहू प्रखर द्वारा आज तो गले मिलने से डर लगता है न जाने कब कौन खंजर मार दे सुनाकर खूब वाहवाही लूटीद्य नवोदित कवि युगल किशोर साहू, जिज्ञासु ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न गीतों को नए अंदाज में प्रस्तुत कर तालियां बटोरीद्य खंडवा नया रायपुर से आये नरेंद्र कुमार पार्थ ने शानदार कविता से सब को प्रभावित किया द्यरामेश्वर रंगीला, भरत साहू ,संतोष साहू प्रकृति ,ने भी शानदार काव्य पाठ की प्रस्तुति दिये द्य विशेष अतिथि के रुप में पधारे पूर्व पंचायत स्पेक्टर नूतन साहू ने ÷कोई मेरे दिल की आवाज सुन ले दो वक्त की रोटी और मकान दे÷ बेहतरीन कविता सुना कर सबका दिल जीत लिया इसके साथ ही मोहनलाल साहू मानिकपन मकसुदंन राम साहू बरीवाला , केवरायदु,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से पधारे मयंक मिश्रा के द्वारा भी कविता प्रस्तुत किए गए ।

# पहले तालाब से उठती थी बदबू, अब लोग आते हैं घूमने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,14 मार्च।** किसी गांव में अमृत सरोवर होने से उस गांव के अच्छे दिन लौट आना आखिर कैसे सम्भव है। कोई एक तालाब कैसे किसी की दशा और दिशा को बदल पाने में समर्थ हो सकता हैं यह अगर देखना है तो गरियाबंद विकासखंड के बिंद्रा नवागढ़ में आसानी से देखा जा सकता है। गांव के ग्रामीण इस तालाब की चर्चा ऐसे उत्साह से करते हैं कि जैसे गांव के किसी को कोई उपलब्धि हासिल हुई हो। तालाब दिखाते हुए वे कहते कि पहले डबरी सा रह गया था यह तालाब और इसका पानी। पानी इतना गंदा हो गया था कि हवा के चलने पर इसकी बदबू दूर तक महसूस होती थी। किंतु महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना ने इसकी कायाकल्प कर दी अब लोग यहां शाम को घूमने आते हैं पर अभी देखिए कितना सुंदर है यह तालाब और इसका पानी। तालाब के संबंध में विस्तार से बताते हुए यहां की सरपंच श्रीमती लक्ष्मीबाई ध्रुव कहती है कि हम सोच भी नही सकते थे कि एक तालाब गांव की दशा और दिशा को बदल सकता है। सरपंच के तौर पर मैं तालाब की दशा को लेकर काफी चिंतित थी। बस एक ही ख्याल रहता था कि किसी भी तरह से इस तालाब को फिर से पुनर्जीवित तो करना ही है। यहां के 646 पंजीकृत परिवार जिसकी जनसंख्या लगभग 1471 है। इस गांव में पानी की काफी समस्या भी थी। दूरस्थ अंचल एवं वन क्षेत्र में होने के कारण निस्तारी के लिए पानी की कमी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होने आगे बताया कि तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों की बैठक आयोजित की। यहां सभी के बीच काफी चर्चा हुई। धीरे-धीरे बात बनने और बढ़ने लगी। आखिरकार यह तय हुआ कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए तालाब का गहरीकरण किया जाए और इसके पाटों को बांधने के लिए पीचिंग का कार्य भी करवाया जाए। इसके लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से राशि की व्यवस्था की गई। ग्रामवासियों के निर्णय पर ग्राम पंचायत ने एक प्रस्ताव तैयार किया और विधिवत अनुमोदन प्राप्त कर, आठ लाख चवालिस हजार रुपये की लागत से तालाब गहरीकरण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की। इसमें महात्मा गांधी नरेगा से सात लाख चवालिस हजार रूपये और 15 वें वित्त योजना से एक लाख रूपयें का अभिसरण शामिल है। इस तरह अमृत सरोवर के लिए संसाधनों की व्यवस्था के बाद 15 जून 2022 को तालाब गहरीकरण की शुरुआत हुई। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं की भागीदारी और मेहनत से तालाब का आकार खुलने लगा एवं गहरीकरण भी हुआ। इस कार्य से जहां ग्रामीणों को सीधे रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, वहीं गांव को जल संरक्षण का साधन भी उपलब्ध हो गया है।

# महानदी में कलिंदर की खेती बंद, खरीद कर खाने की मजबूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,14 मार्च।** शहर के बाजार में इन दिनों कलिंदर बड़ी संख्या में आयात किए गए हैं और इन्हें कोई ठेले पर रखकर तो कोई जमीन पर रखकर तो कोई और कहीं पर बिक्री कर रहे हैं विक्रेता इन्हें उनकी साइज देखकर वजन के हिसाब से कीमत लगा रहे हैं क्योंकि गर्मी अब धीरे-धीरे बढ़ रही है इसलिए इनके धंधा भी अच्छी हो रही है थोक बाजारों में कलिंदर आते ही स्थानीय छोटे व्यापारी इन्हें मोलभाव कर खरीद लेते हैं और ठेले या फिर अन्य साधनों के हिसाब से रख कर इन्हें बेचते हैं। शहर के बस स्टैंड में रायपुर रोड से लेकर महासमुंद मार्ग, महामाया पसरा बाजार इत्यादि स्थल पर तरबूज रखे गए हैं। त्योहारी सीजन के कारण इनकी बिक्री कम हो रही है। बेच रही महिला विक्रेता ने बताया कि ग्राहकी बहुत कम है जिसके कारण जो मार्जिन मनी मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाई है वैसे भी मैं पहले दिन दुकान लगाई हूं आगे इनका मार्केटिंग बढ़ेगा इसमें कोई दो मत नहीं है। इसी तरह से दूसरी महिला विक्रेता से चर्चा करने पर बताया कि बिक्री हुई है लेकिन जिस तरह से बिकना चाहिए वह नहीं बिकी है। अब तो पूरे घर में तक हमें इन्हीं का धंधा करना है इससे जो इनकम जनरेट होगा उससे परिवार का पालन पोषण होगा। बता देना जरूरी है कि नदी के किनारे दो शहर है जिसमें राजिम गरियाबंद जिला में आता है तो रायपुर जिला के अंतर्गत गोबरा नवापारा शहर है। दोनों जगह सब्जी मंडियां है। कोचिया इन्हीं मंडियों से कलिंदर खरीद कर ले आते हैं और पसरा बाजार में बेचते हैं।

### महानदी की रेत पर होती रही कलिंदर की खेती

दो दशक पहले पैरी नदी, सोंढूर नदी एवं महानदी की रेत पर कलिंदर की खेती होती थी जैसे ही किसान नवंबर माह में खरीफ फसल की कटाई मिंजाई कर लेते थे उसके बाद 4 महीने खाली ना रहकर सीधे नदी में बाड़ी लगाने के लिए पैसा इकट्ठा करते थे और उन्हीं पैसे से पूरे नदी क्षेत्र में बाड़ी लगता था। कलिंदर, खरबूजा बड़ी संख्या में वही जाते थे तथा बाद में बरबटी, भिंडी, खीरा, ककड़ी कोचई इत्यादि लगाकर खेती करते थे। उस समय एक से बढ़कर एक कलिंदर उसकी खेती होती थी। टन के अनुसार इन्हें बेचा जाता था। रायपुर, दल्ली राजहरा, नागपुर, सतना, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली इत्यादि महानगरों में राजिम व आसपास के कलिंदर बिक्री के लिए रखे जाते थे। कुछ कलिंदर तो यहां के व्यापारियों से खरीद कर सीधे विदेश भी जाते रहे हैं। लेकिन महानगरों में तो बेचने वाले सीधे कहते थे यह राजिम का कलिंदर है भाई, रसदार तो है ही, मिठास खूब है इसमें। और खरीदने वाले इन्हें खरीद कर घर ले जाते थे और परिवार सहित खाते थे। एक किसान ने बताया कि उस समय सौ से दो सौ नाली में तरबूज की खेती करता था अब नदी में पानी नहीं रहता तथा जगह-जगह एनीकट बन जाने के कारण नदी में खेती योग्य जमीन नहीं रहे जिसके कारण बाड़ी लगाना मुश्किल हो गया है। बता देना जरूरी है कि चौबेबांधा से लेकर टीला तक चार -पांच एनीकट बन चुके हैं जिसके लिए सरकार ने लाखों करोड़ों रुपया खर्च किया। इत्तेफाक यह है अनिकेत तो बना दिए हैं गवर्नमेंट ने लेकिन कहां कहीं पर पानी नहीं है तो कहीं पर और कोई दिक्कत है जिसका लाभ क्षेत्रीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है जो बड़ी विडंबना है।

### तरबूज में 90प्रतिशत से ज्यादा पानी

जानकारी के मुताबिक तरबूज में 90त्न से ज्यादा पानी होता है यह मीठा, स्वादहीन और कड़वे तीनों रूप में पाया जाता है। आकार में बड़ा, छोटा दोनों प्रकार का होता है। गले को तर करने और गर्मी को दूर करने का कलिंदर एक अच्छा विकल्प हैं जो न सिर्फ प्यास बुझाता है बल्कि भूख को भी शांत करता है। इसमें कई पोषक तत्व पाया जाता है जिसके कारण शरीर से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करने का काम करते हैं। तरबूज में फाइबर, पोटेशियम, आयरन और विटामिन ए, सी व बी भरपूर मात्रा में होता है इसमें लाइकोपीन नामक तत्व बनता है यह एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है और इसी से फल को गहरा लाल रंग मिलता है।

### संवेदनशील क्षेत्र के बच्चों ने किया विभिन्न संस्थाओं का भ्रमण

**सुकमा, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बच्चों में बौद्धिक, मानसिक विकास तथा विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करने तथा शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही विभिन्न व्यवसाय से जुड़े संस्थाओं का भ्रमण भी आवश्यक है। साथ ही बच्चे इन संस्थाओं में संचालित कार्यों, उत्पादित सामानों, बडे शहरों के वातावरण से वाफिक होने के साथ ही पढ़ाई में भी रूचि उत्पन्न करते हैं। यह भ्रमण कार्य स्कूलों में अध्ययनरत उन बच्चों के लिए जरूरी है जिन्होंने बड़े शहरों के वातावरण और संस्थाओं के कार्यों से वाफिक नहीं है। कलेक्टर श्री हरिस एस. के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डडसेना, जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में 11 मार्च को संवेदनशील क्षेत्र के 200 बच्चों को राष्ट्रीय आविष्कार योजना अन्तर्गत जगदलपुर शहर का भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों के साथ ही 12 शिक्षकों ने भी भाग लिया।राष्ट्रीय आविष्कार योजना अन्तर्गत माध्यमिक शाला एलिमेंट्री स्तर के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए 11 मार्च को संभागीय मुख्यालय जगदलपुर, कृषि महाविद्यालय, जगदलपुर शहर, मानव संग्रालय, नगरनार स्टील प्लांट, लामनी पार्क, दंतेश्वरी मंदिर, दलपत सागर, मेडिकल कॉलेज, शहीद स्मारक सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में जिले के जगरगुण्डा, पालामड़गू, कुन्ना, मारोकी क्षेत्र के 200 विद्यार्थियों ने पहली बार जगलपुर शहर को देखकर आनंदित हुए और कहा जिसे हम टीवी में देखते थे आज वास्तविकता में भी देख लिए। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक विकास, मानसिक विकास और विज्ञान संकाय के प्रति रूचि उत्पन्न करना है।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगी गर्मी

**रायपुर, 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ में अब गर्मी अपना असर दिखाने लगी है. सुबह 9 बजे के बाद से ही गर्मी महसूस हो रही है. मौसम वैज्ञानिक जनक राम साहू ने बताया कि पिछले सप्ताह लगभग 5 दिनों तक बदली बारिश के बाद अब प्रदेश का मौसम साफ हो गया है. सोमवार को प्रदेश में हवा की दिशा उत्तर से बदलकर उत्तर पश्चिम से आने की संभावना है. इस दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहने के साथ ही अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन अधिकतम तापमान में वृद्धि का ट्रेंड बने रह सकता है. सोमवार को रायपुर शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रह सकता है. रविवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान सारंगढ़ में 37.8 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री न्यूनतम तापमान 21 डिग्री. माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री. बिलासपुर का अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री न्यूनतम तापमान 20 डिग्री. पेंड्रारोड का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री. अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री. जगदलपुर का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री. दुर्ग अधिकतम तापमान 35.8 न्यूनतम तापमान 17 डिग्री. राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.9 डिग्री दर्ज किया गया।

### किसानों के हित में छत्तीसगढ़ मॉडल को अन्य राज्य भी अपनाएं : बैजनाथ चन्द्राकर

**रायपुर, 14 मार्च।** राष्ट्रीय राज्य सहकारी बैंक महासंघ (नेफस्काब) मुम्बई के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व जनरल असेम्बेली की बैठक में अपेक्स बैंक छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष और नेफस्काब के राष्ट्रीय संचालक श्री बैजनाथ चंद्राकर ने सुझाव दिया गया कि अन्य राज्यों में भी छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाया जाना चाहिए। केन्द्र एवं राज्य शासन को ब्याज अनुदान की राशि समितियों को समय उपलब्ध कराना चाहिए। शासकीय योजनाओं के तहत् समितियों को हुई हानि की प्रतिपूर्ति समय पर किए जाने से समिति की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र के लगातार मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहें हैं।

# अमितेश शुक्ल छेड़ने वाली चीज नहीं

## सदन में आज हुई मजेदार टिप्पणियां

**रायपुर 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सदन की कार्यवाही आज हल्के फुल्के अंदाज में शुरू हुई. इस दौरान विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत के स्मार्टनेस से लेकर राजिम विधायक और पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल को लेकर कई मजेदार टिप्पणियां हुई.

आज जब स्पीकर डॉ. चरणदास महंत ने सदन में प्रवेश किया तो खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज अध्यक्षजी जोरदार स्मार्ट लग रहे हैं. महंत ने कहा, आपसे कम ही लग रहे हैं. धर्मजीत सिंह ने भगत पर चुटकी ली कि वे स्मार्ट लग नहीं रहे, बल्कि हैं. भगत ने कहा कि ऊपर से तो स्मार्ट लग रहे हैं, बाकी आप जानेंगे. धर्मजीत ने कहा कि आप थोड़ा सा नजदीक तो आओ, फिर जानेंगे कि कितने स्मार्ट हैं। अजय चंद्राकर ने कहा कि आज सदन के लिए ऐतिहासिक दिन है. पहली बार माननीय अमितेश शुक्ल जी का सवाल पांच नंबर पर लगा है और वे सुबह 9.30 बजे से पूछने के लिए बैठे हैं. चंद्राकर ने स्पीकर से कहा कि आप अमितेश जी के प्रश्न को व्यवस्था देकर पहले नंबर पर ले लीजिए. इस पर स्पीकर ने भी हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मैं व्यवस्था चाहता हूं आप लोगों से. अमितेश जी का सवाल आया है, इसलिए उन्हें पूछने का पर्याप्त समय दें। जब अमितेश शुक्ल की बारी आई तो स्पीकर ने कहा कि उनका स्वागत किया जाए. इस पर चंद्राकर ने कहा कि उनका ब्लड प्रेशर भी नपवा लिया जाए. आपने कैम्प लगवाया है. शिवरतन शर्मा ने कहा कि अमितेश जी के साथ अन्याय हो रहा है. जवाब देने




के स्थान पर प्रश्न करना पड़ रहा है. शुक्ल ने कहा कि यह आदिवासी विभाग से जुड़ा गंभीर मामला है. कृपया आप लोग शांति से सुनें। अरूण वोरा ने कहा कि अमितेश जी को न छेड़ा जाए. वे छेड़ने वाली चीज नहीं हैं. स्पीकर ने चुटकी ली कि आप दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्र हैं. आप लोगों से निपटते रहिए.

लोरमी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुड़िया को राजस्व ग्राम घोषित करने के सवाल पर मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि अगस्त-सितंबर तक राजस्व ग्राम घोषित कर देंगे. इस पर धर्मजीत सिंह ने कहा कि वे माला लेकर स्वागत करने आएंगे. इस पर मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि अभी कर दीजिए. इस बात पर अजय चंद्राकर ने चुटकी ली कि सड़क वाली गुलाब से स्वागत नहीं करेंगे. धर्मजीत ने कहा कि सड़क वाली गुलाब से यह हुआ कि ढाई किलोमीटर में बड़ी नेता चलीं. उसमें कोई आपत्ति नहीं है. दूसरे दिन बयान आया कि इसका गुलाल बनाया जाएगा. इस होली में गुलाल की बिक्री कम हो गई।

### सदन में गूंजा कॉलेज के खेल मैदान का मुद्दा

विधानसभा में विधायक शैलेश पांडे ने बिलासपुर स्थित जेपी वर्मा महाविद्यालय के खेल मैदान का मुद्दा उठाया. मंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब हम उससे ऊपर कोई कार्यवाही नहीं कर सकते. इस पर आसंदी ने मामले पर व्यवस्था देते हुए कहा मामला उलझा हुआ है, इसमें आराम से बैठकर चर्चा कराए जाने की आवश्यकता है. बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय ने मंत्री से सवाल किया कि खेल के मैदान के विवादित प्रकरण में राजस्व विभाग ने 3 वर्षों में क्या-क्या फैसले लिए हैं. महाविद्यालय को किसने जमीन दान की है, और कब तक कितनी जमीन दान में दी गई थी? इस पर मंत्री ने बताया कि ट्रस्टियों ने कोई जमीन बेची नहीं है. इस मामले हाईकोर्ट से आदेश हुआ है जिसके ऊपर कोई नहीं है. सिंगल बैंच का ऑर्डर है. शैलेश पांडे ने कहा कि भाजपा की सरकार में उसका नाम बदला कर ट्रस्टियों को पहले ही दुखी कर दिया गया है. जमीन तो शासन की है, फिर यह मामला हाईकोर्ट तक क्यों पहुंच गया? इस पर मंत्री ने बताया कि यह जमीन दान में नहीं दी गई है. विधायक ने जानकारी को सही नहीं बताते हुए कहा कि जिस जमीन का जिक्र कर रहे हैं, वो अलग-अलग है. दान दी हुई जमीन अलग है, और जिसकी ये बात कर रहे हैं, वो जमीन अलग है.

# चैत्र नवरात्रि में बन रहे दुर्लभ शुभ संयोग



**रायपुर 14 मार्च।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का बहुत बड़ा महत्व है. हिंदू वर्ष में 4 बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है. इनमें से 2 गुप्?त नवरात्रि होती हैं और 2 प्रत्?यक्ष नवरात्रि होती हैं. हिंदू नववर्ष की शुरुआत ही चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से होती है, जो कि इस बार 22 मार्च से हैं. चैत्र नवरात्रि 22 मार्च से शुरू होंगी और 30 मार्च को रामनवमी के दिन समाप्?त होंगी. इस बार चैत्र नवरात्रि के पहले ही दिन बेहद शुभ संयोगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे यह समय मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए और भी खास हो गया है.

इस बार चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत ही बेहद शुभ योग में हो रही है. चैत्र प्रतिपदा तिथि की शुरुआत ब्रह्म योग में हो रही है. साथ ही शुक्?ल योग भी बनेगा. चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी कि प्रतिपदा तिथि पर ब्रह्म योग सुबह 9 बजकर 18 मिनट से शुरू हो जाएगा जो कि 23 मार्च तक रहेगा. वहीं इससे पहले 21 मार्च को सुबह 12 बजकर 42 मिनट से शुरू होकर 22 मार्च तक शुक्ल योग रहेगा. फिर ब्रह्म योग के बाद इंद्र योग का निर्माण भी होने जा रहा है. धर्म-ज्योतिष में इन योगों को बेहद शुभ माना गया है. इस दौरान किए गए पूजा-पाठ और उपाय बहुत शुभ फल देंगे.


चैत्र नवरात्रि बुधवार, 22 मार्च 2023 से शुरू हो रही हैं. चैत्र नवरात्रि पर घटस्थापना का शुभ मुहूर्त 22 मार्च की सुबह 06 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 32 मिनट तक करीब सवा घंटे का रहेगा. इस दौरान घर में विधि-विधान से घटस्?थापना करना मां दुर्गा की अपार कृपा दिलाएगा. जो जीवन में बेशुमार सुख-समृद्धि देता है. इसके साथ ही बेहतर होगा कि इस दिन उपवास भी रखें. साथ ही नवरात्रि के आखिरी दिन हवन और कन्या पूजन करें. इससे मातारानी आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी करेंगी।




रायपुर 14 मार्च। फिल्मकार विजय पांडेय की स्मृति में स्वर सप्तक द्वारा छत्तीसगढ़ी गायन प्रतियोगिता संगी सुर ताल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री सूफी गायक मदन चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष व सीएम ने शिविर में कराई अपनी सेहत की जांच

**रायपुर 14 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां विधानसभा में आयोजित 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह एवँ अधिकारीगण उपस्थित थे । शिविर में



डॉक्टरों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत, मुख्यमंत्री बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री टेकाम, उद्योग मंत्री लखमा, नेता प्रतिपक्ष चंदेल सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों के रक्तचाप और मधुमेह की जांच की गई। गौरतलब है कि विधानसभा में 14 मार्च से 16 मार्च तक तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है । शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, रेडियोडायग्नोसिस, पैथोलॉजी और बायो कैमेस्ट्री की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी ।

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को तरासने की जरूरत: आचार्य

» अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय पुरातात्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**रायपुर 14 मार्च।** पुरातत्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल बजाज कालोनी न्यू राजेन्द्रनगर में पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के संचालक श्री विवेक आचार्य ने किया। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे भी उपस्थित थे। शिविर 13 से 22 मार्च तक आयोजित है। दिव्यांग बच्चों को दस दिनों तक आर्टिस्ट संजय झरबड़े प्लास्टर आफ पेरिस से कलाकृति बनाने का काफी सरलत्तम विधि से प्रशिक्षण दे रहे है। उद्घाटन मौके पर श्री विवेक आचार्य ने कहा कि दिव्यांग बच्चें हूनरमंद हैं,जरूरत उनके कला को पहचान कर तराशने की है। शिविर के माध्यम से बच्चे उस




कला की बारिकियों को जान व समझ सकेंगे जो भविष्य में उनका काम आयेगा। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की सेवा भगवान की सेवा के समान है। ईश्वर ने इन्हें पांच इन्द्रियों में से एक इंद्री कम दी है किंतु इन्हें दृढ़ इच्छाशक्ति भरपूर दी है। श्री आचार्य ने बताया कि वे बचपन से इनके दृढ़ इच्छाशक्ति और लक्ष्य हासिल करने के कठोर परिश्रम से वाकिफ हैं। उनसे तीन वर्ष छोटा भाई को भी बचपन से अस्सी प्रतिशत सुनने की क्षमता नहीं थी। किंतु वह अपने दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर सामान्य स्कूल में पढ़ाई की और स्कूल के टॉप टेन विद्याथियों में रहे। उन्होंने बायो टेक्नोलॉजी में एमएससी और पीएचडी की उन्हें राष्ट्रपति यंग साइंटिस्ट का अवार्ड भी मिला। अभी तेरह विद्यार्थी उनके अंडर में पीएचडी कर रहे हैं। समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सोच में बदलाव आया है। जो संस्था इस तरह के बच्चे की शिक्षा या सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं उन्हें मदद करने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2019 में तकनीकी शिक्षा और रोजगार का कार्य सम्हाल रहे थे तब देश में पहली बार सिर्फ दिव्यांगों के लिए रायपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया था जिसमें 65 से अधिक दिव्यांगों को रोजगार मिला था। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के सभापति और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि समाज और शासन द्वारा इन दिव्यांग बच्चों के भविष्य गढने के लिए जो मदद मिल रही है उसे बयां करना संभव नहीं है। श्री दुबे ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से दिव्यांग बच्चों का हूनर निखरेगा और भविष्य में बहुत काम आएगा। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ राकेश पांडेय ने बताया कि सात माह में बच्चों के शिक्षा और प्रशिक्षण पर बहुत कार्य किया गया है। इस अवसर पर अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा समेत स्कूल के शिक्षक और प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे।

## आउटर में जमकर अवैध प्लाटिंग

**रायपुर 14 मार्च।** शहरी इलाकों में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई तेज होने के बाद अब आउटर में अवैध प्लाटिंग तेज हो गई है। शहर से लगे आरंग, मंदिरहसौद समेत कई जगहों पर एकड़ों में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने के बाद सोमवार को अफसरों की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। जांच के दौरान इस बात का भी खुलासा हुआ कि राजधानी के कई लोगों ने इन जगहों पर अवैध प्लाटिंग की थी। बिना ले-आउट पास कराए लोगों को जमीन भी बेच दी गई। अवैध प्लाटिंग रोकने के लिए अफसरों की टीम मंदिरहसौद में 0.3240 हेक्टेयर जमीन पर किए गए अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। यह कुछ लोगों ने मुरुम की सड़क भी बना दी थी, जिसे जेसीबी से खोद दिया गया है। इस मामले में गांधी नगर पंडरी में रहने वाली संगीता गोलदार और गाईन बंधू को नोटिस जारी की गई है। उन्होंने प्लाटिंग का काम बंद कर सभी दस्तावेजों के साथ दफ्तर बुलाया गया है। इसके साथ ही आरंग के रसनी में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई है। यह नौ खसरा नंबर में एकड़ों में स्थित जमीन पर से कब्जा हटाया गया है। प्रशासन अब इस बात की भी जांच कर रहा है कि अवैध प्लाटिंग के बाद इन जगहों की जमीन किन-किन लोगों को बेची गई है। तहसीलदार विनोद साहू ने बताया कि सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की गई है। एसडीएम के नेतृत्व में आरंग और मंदिरहसौद के कई होटलों और राशन दुकानों की भी जांच की गई। कुछ होटलों और मिठाई दुकानों में कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था, जिसे जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही राशन दुकानों में 20 रुपए किलो में शक्कर बेचा जा रहा था।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23